# मंइयां सम्मान योजना पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना पर रोक लगाने से झारखंड हाईकोर्ट ने इनकार कर दिया है। साथ ही योजना पर रोक लगाने के लिए दायर विष्णु साहू की याचिका चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने खारिज कर दी। सिमडेगा निवासी विष्णु साहू ने अगस्त में याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि एक-दो माह में झारखंड विधानसभा चुनाव होना है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश के अनुसार, राज्य सरकार किसी व्यक्ति विशेष को सीधे अकाउंट के माध्यम से पैसे नहीं दे सकती है। राज्य सरकार पब्लिक पर्पस के लिए पैसा देती है, क्योंकि जनता के टैक्स के पैसे से ही सरकार चलती है। सरकार का काम पैसे को उस योजना में लगाना होता है, जिससे पब्लिक का फायदा हो, किसी को सीधे पैसा देना सही नहीं है। उनकी ओर से यह भी कहा गया है कि चार माह से वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन जैसी योजनाएं नहीं चल रहीं हैं। विधानसभा चुनाव में वोटरों को प्रभावित करने के लिए यह योजना शुरू की गई है। सुनवाई के बाद अदालत ने प्रार्थी की दलील को स्वीकार नहीं किया और याचिका खारिज कर दी।

बता दें कि मंइयां सम्मान योजना से 40 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं।

# झारखंड में विस नियुक्ति घोटाला मामले में सीबीआई जांच पर रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा नियुक्ति घोटाला मामले की सीबीआई जांच पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मौखिक रूप से टिप्पणी करते हुए झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को तर्कहीन बताया। झारखंड विधानसभा में हुई अवैध नियुक्तियों से जुड़े मामले में हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। दाखिल याचिका में आरोप लगाया गया था कि विधानसभा में नियमों का उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर नियुक्ति की गई है। अवैध नियुक्तियों की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट ने 23 सितंबर को अपना फैसला सुनाते हुए सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इस मामले को लेकर शिवशंकर शर्मा ने जनहित याचिका दायर की थी। दायर याचिका में कहा गया है कि वर्ष 2005 से वर्ष 2007 के बीच विधानसभा में हुई नियुक्तियों में गड़बड़ी हुई है।

## प्रथम चरण के मतदान के बाद इवीएम और वीवीपैट स्ट्रांग रूम में सील

# चालू योजना के क्रियान्वयन पर कोई रोक नहीं : के. रवि कुमार

- 2019 के विधानसभा चुनाव से 3 प्रतिशत अधिक हुआ मतदान
- किसी भी बूथ पर पुनर्मतदान नहीं




खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने के दौरान भी पूर्व से चालू योजना के क्रियान्वयन पर कोई रोक नहीं होती। योजनाएं चलती रहेंगी। यह बातें उन्होंने गुरुवार को निर्वाचन सदन धुर्वा में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कही। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के 43 विधानसभा सीटों पर संपन्न मतदान के बाद इवीएम, वीवीपैट आदि स्ट्रांग रूम पहुंच चुके हैं। उसे सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। सभी 15 जिले के स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में एक-एक कंपनी अर्द्धसैनिक बल तैनात हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बूथ पर पुनर्मतदान नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मतदान आशानुरूप हुआ, लेकिन शहरी क्षेत्र में कम मतदान हुआ है। आगे के चुनाव को ध्यान में रखकर निर्वाचन आयोग शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर फोकस कर काम करेगा। हालांकि 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार 3 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है।

### इंड ऑफ पोल डाटा में मामूली बढ़ोत्तरी संभावित

43 सीटों पर हुए मतदान का प्रतिशत 66.48 रहा है। इंड ऑफ पोल डेटा में मामूली बढ़ोत्तरी संभावित है। वहीं पोस्टल बैलेट का पूरा डाटा आने के बाद मतदान प्रतिशत में आंशिक बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन विभिन्न मामलों में कुल दस केस दर्ज किये गये हैं। उसमें कांके, हटिया और रांची में एक-एक, जमशेदपुर पूर्वी में चार, जमशेदपुर पश्चिमी में दो और पलामू में एक मामला दर्ज हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के प्रभावी रहने के दौरान भी पूर्व से चालू योजना के क्रियान्वयन पर कोई रोक नहीं होती। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 2 अरब 13 करोड़ से अधिक की अवैध सामग्री और नकदी जब्त की जा चुकी है।

## 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार तीन प्रतिशत अधिक मतदान

### ईवीएम में कैद हो गयी पहले फेज के 683 उम्मीदवारों की किस्मत

रांची। झारखंड में विधानसभा चुनाव का पहला चरण शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। क्लोज ऑफ पोल के अनुसार, 43 विधानसभा सीटों पर 66.48 प्रतिशत मतदान हुआ। शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं ने ज्यादा वोटिंग की। पहले चरण में 683 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे थे, जिनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो गयी है। इनकी किस्मत का पिटारा 23 नवंबर का खुलेगा और हर विधानसभा क्षेत्र से किसी एक के सिर ताज सजेगा।

**कहां कितने वोट पड़े**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बहरागोड़ा : | 78.2% | घाटशिला : | 75.85% | लातेहार : | 69.70% |
| बरही : | 65.66% | गुमला : | 65.68% | लोहरदगा : | 73.32% |
| बड़कागांव : | 68.23% | हटिया : | 58.50% | मझगांव : | 70.08% |
| बरकळा : | 63.91% | हजारीबाग : | 59.58% | मांडर : | 72.16% |
| भवनाथपुर : | 68.26% | हुसैनाबाद : | 59.41% | मनिका : | 66.71% |
| बिश्रामपुर : | 63.09% | ईचागढ़ : | 78.28% | मनोहरपुर : | 64.03% |
| बिशुनपुर : | 79.87% | जग्गनाथपुर : | 69.84% | पांकी : | 65.58% |
| चाईबासा : | 69.96% | जमशेदपुरपूर्वी : | 56.99% | पोटका : | 73.30% |
| चक्रधरपुर : | 68.61% | जमशेदपुर प. : | 56.53% | रांची : | 52.27% |
| चतरा : | 62.17% | जुगसलाई : | 69.12% | सरायकेला : | 72.35% |
| छतरपुर : | 60.91% | कांके : | 62.65% | सिमरिया : | 66I08% |
| डाल्टेनगंज : | 65.22% | खरसावां : | 79I.11% | सिमडेगा : | 68.85% |
| गढ़वा : | 68.59% | खूंटी : | 69.77% | सिसई : | 72.13% |
| | | कोडरमा : | 62.15% | तमाड़ : | 74.05% |
| | | कोलिबिरा : | 68.65% | तोरपा : | 67.07% |

# तेजस्वी यादव आज देवघर में सभा करेंगे

रांची। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव शुक्रवार को देवघर में जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ झामुमो के गांडेय विधायक कल्पना सोरेन भी रहेंगी। राजद चुनाव अभियान समिति प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि तेजस्वी यादव 18 नवंबर तक झारखंड में ही रहेंगे। इस दौरान अलग-अलग चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे।

# राहुल गांधी आज महगामा और बेरमो में करेंगे सभा

रांची। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को एक दिवसीय चुनावी दौरे पर झारखंड में रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि इस दौरे के दौरान राहुल गांधी दो जनसभा को संबोधित करेंगे। पहली जनसभा महगामा विधानसभा क्षेत्र के बलवड्डा उच्च विद्यालय, मेहरमा में दोपहर 12:30 बजे आयोजित होगी। इसमें कांग्रेस की महगामा उम्मीदवार दीपिका पांडे सिंह के समर्थन में राहुल गांधी सभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दूसरी जनसभा बेरमो विधानसभा क्षेत्र के भंडारडीह मैदान, बेरमो प्रखंड में अपराह्न 3:15 बजे आयोजित होगी। इसमें राहुल गांधी बेरमो उम्मीदवार कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के समर्थन में जनता को संबोधित करेंगे।

# झामुमो ने दिनेश विलियम मरांडी से किया जवाब तलब

रांची। झामुमो ने केंद्रीय कार्यकारिणी समिति के सदस्य और विधायक दिनेश विलियम मरांडी को जवाब तलब किया है। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय की ओर से विलियम मरांडी को पत्र भेजकर दिनेश विलियम से कहा है कि विभिन्न जनसंवाद माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर पार्टी एवं गठबंधन धर्म के विरूद्ध मुखरता से बोल रहे हैं। अपनी असहमति को पार्टी के उचित मंच पर न रखकर सार्वजनिक मंचों पर रखना गंभीर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। उपरोक्त तथ्यों के आलोक में 24 घंटे में जवाब मांगते हुए पूछा गया है कि किन परिस्थितियों में आपके द्वारा पार्टी एवं गठबंधन के निर्णय के विरूद्ध सार्वजनिक मंचों पर वक्तव्य दिया गया।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/अभियांत्रिकी, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-सेंट्रल-24-25-36, दिनांक: 12.11.2024। कार्य का नाम: वरिष्ठ डीईएन/सेंट्रल/चक्रधरपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन प्रभारी अभियंता के निर्देश के अनुसार एडीईएन/बंडामुंडा के अधीन रेलवे डिपो या नामांकित लोकेशन पर निविदा के आमंत्रण की तारीख तक जारी नवीनतम संशोधनी स्लिप सहित आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन (आईआरएस-जीई-1) के अनुरूप मशीन चूर्ण ट्रैक बैलास्ट का निर्माण, आपूर्ति एवं इकट्ठा करना। निविदा मूल्य: ₹ 3,20,53,207.40। बयाना राशि: ₹ 3,10,300। निविदा प्रपत्र की कीमत: ₹ 0। खुलने की तारीख: 26.11.2024। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। द्रष्टव्य: ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क जारी किये जायेंगे (प्राधिकारी- रेलवे बोर्ड की पत्र संख्या 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। (PR-786)

## शिवराज सिंह चौहान ने बगोदर में भाजपा के समर्थन में मांगा वोट, कहा

# कांग्रेस पार्टी घुसपैठियों को गैस सिलिंडर देने का कर रही ऐलान



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को बगोदर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नागेन्द्र महतो के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री चौहान ने देवघर विधानसभा में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में भी शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने पूरे प्रदेश को लूटकर तबाह कर दिया है। जनता अब जनता ने झामुमो की भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा किए भाजपा पहले चरण में दो तिहाई सीट जीत रही है। उन्होंने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने ऐलान किया है कि झारखंड में विदेशी घुसपैठियों को केवल 450 रूपए में सिलेंडर देगी। उन्होंने कहा कि वोट के लालच में ये लोग घुसपैठियों को संरक्षण दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने 25-25 लाख रूपए पेपर लीक करवाया भाजपा की सरकार बनते ही पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच करवाई जायेगी। झामुमो सरकार ने उत्पाद सिपाही भर्ती के नाम पर कई नौजवानों की जिंदगी छीन ली।

# कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर पर कार्रवाई हो : भाजपा



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। भाजपा का प्रतिनिधि मंडल सुधीर श्रीवास्तव का नेतृत्व में गुरूवार को चुनाव आयोग पहुंच कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर को झारखंड से बाहर किया जाये। उन्होंने बताया कि गुरुवार को बोकारो के बेरमो विधानसभा के चंद्रपुरा में कांग्रेस प्रत्याशी कुमार जयमंगल के पक्ष में प्रचार करते हुये श्री मीर ने कि जब उनकी सरकार आयेगी तो सभी को 450 में सिलेंडर मिलेगा। चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान हो या घुसपैठिए हो या कोई और हो। ऐसे नेता को पूरे राज्य से बाहर करना न्याय उचित होगा।

ज्ञापन की प्रति और श्री मीर द्वारा दिया गया बयान का वीडियो चुनाव आयोग दिल्ली को भी भेजा है। प्रतिनिधिमंडल में पुष्कर तिवारी शामिल थे।

# कई जिलों में ठंड की दस्तक, न्यूनतम पारा 2 डिग्री गिरा

रांची। रांची समेत झारखंड के कई हिस्सों में ठंड ने दस्तक दे दी है। सुबह और शाम में लोगों को ठंड का एहसास होने लगा है। रांची के न्यूनतम तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट भी दर्ज की गई है। वहीं, ठंड से बचने के लिए लोगों ने गर्म कपड़ों का इस्तेमाल भी शुरू कर दिया है। एक दिन पहले रांची का न्यूनतम पारा 17 तो अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, लेकिन गुरुवार को रांची का न्यूनतम पारा 15.5 और अधिकतम 27.4 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे के आंकड़ों पर गौर करें तो सर्वाधिक उच्चतम तापमान 32 डिग्री डालटनगंज और सबसे कम न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री गढ़वा में दर्ज किया गया।

## डुमरी विस क्षेत्र के कंजकिरो में विजय संकल्प सभा और पाकुड़ में पदयात्रा आयोजित

# झारखंड समृद्ध है लेकिन हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंडियों को गरीब बना दिया : अमित शाह

- दावा : डुमरी की जनता केला छाप पर बटन दबायेगी और एनडीए को जितायेगी

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची/डुमरी। कांग्रेस की केंद्र सरकार ने अपने दस साल के कार्यकाल में झारखंड को सिर्फ 84 हजार करोड़ रुपए दिए वहीं एनडीए की सरकार ने झारखंड को दस वर्षों में 3 लाख 90 हजार करोड़ रुपए देने का काम किया। इन रुपयों को हेमंत सोरेन एंड कंपनी खा गई। कांग्रेस के सांसद के घर से 350 करोड़ रुपए मिले। यह पैसा झारखंड के गरीबों, युवाओं, महिलाओं के थे। गरीबों, पिछड़ों, युवाओं के पैसे खाने वाले सभी भ्रष्टाचारियों को चुन चुन कर जेल के सलाखों के पीछे डालने का काम किया जाएगा। झारखंड समृद्ध है, पर हेमंत सरकार ने झारखंडियों को गरीब बना दिया है। डुमरी की जनता केला का बटन दबाएगी और एनडीए को जिताएगी। उक्त बातें केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने डुमरी विधानसभा अंतर्गत नावाडीह स्थित कंजकिरो फुटबॉल मैदान में आयोजित विजय संकल्प सभा में कही।

एनडीए की सरकार झारखंड का सर्वांगीण विकास करेगी। युवाओं को बिना खर्ची और पर्ची के नौकरी मिलेगी। झारखंड बनाने के साथ ही इसे संवारेगी। मोदी जी ने झारखंड को संवारा है।

### डुमरी विधानसभा यशोदा देवी के पक्ष में परिणाम देने को तैयार : सुदेश



इस दौरान जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने जनता के फैसले को अपमानित किया है। सर्वजन पेंशन और हर घर जल जैसी योजनाओं के पैसे को ट्रांसफर कर महिलाओं के खाते में डालने को सम्मान देने की बात कह रही है। बहु को पैसे देने के लिए इन्होंने सास, ससुर की पेंशन को रोक दिया है। एनडीए सरकार महिलाओं का सम्मान करती है। हमने महिलाओं को राजनीतिक मजबूती के लिए 50% आरक्षण देने का काम किया था और आर्थिक मजबूती के लिए स्वयं सहायता समूहों की शुरूआत की थी।

पहले चरण के 43 सीटों पर हुए मतदान में लोगों में जो उत्साह दिखाया वही आगे भी बना रहेगा और ये उत्साह जीत में भी बदलेगा। यह रुझान एनडीए की जीत का आधार है। पहले चरण के मतदान से स्पष्ट हो गया है कि एनडीए बड़ी जीत की ओर अग्रसर है।

यशोदा देवी के परिवार ने बीस सालों से अधिक समय से झारखंड और डुमरी की सेवा की है। डुमरी विधानसभा यशोदा देवी के पक्ष में परिणाम देने को तैयार है। सरकार ने विधायक को मंत्री पद तो दिया लेकिन उन्हें सम्मान नहीं दिया।

मौके पर यशोदा देवी ने कहा कि यह चुनाव डुमरी की दशा और दिशा बदलने वाला चुनाव है। अपनी मेहनत से क्षेत्र की तस्वीर को बदलने के लिए हम संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने इस बार अपना आशीर्वाद एनडीए को देने का मन बना लिया है। सरकार ने महिलाओं, युवाओं, किसानों का ठगने का काम किया है। बूढ़े बुजुर्ग लोगों का पेंशन को रोक कर उनकी समस्याओं को बढ़ाने का काम किया है।

### पाकुड़ में पदयात्रा का हुआ आयोजन

डुमरी में आयोजित विजय संकल्प सभा से पूर्व सुदेश कुमार महतो पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बड़हरवा प्रखंड में आयोजित पदयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पाकुड़ को कांग्रेस राज ने बर्बाद कर दिया है। इस क्षेत्र की छवि को धूमिल कर रख दिया है। जनता बदलाव के लिए तैयार है। क्षेत्र का विकास एनडीए के कुशल नेतृत्व में ही संभव है। साथ ही उन्होंने पाकुड़ की जनता से एनडीए उम्मीदवार अजहर इस्लाम के पक्ष में अपना बहुमूल्य मत देने की अपील की। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में एनडीए कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहें।

### मांडू और पाकुड़ विधानसभा में पदयात्रा का आयोजन कल, नेहा महतो डुमरी में करेंगी जनसंपर्क

शुक्रवार को पाकुड़ और मांडू विधानसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो मुख्य रूप से शामिल होंगे। वहीं नेहा महतो कल डुमरी विधानसभा क्षेत्र में एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में जनसंपर्क करेंगी।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय,चतरा (प्रशिक्षण कोषांग)**

**-:प्रेस विज्ञाप्ति:-**

पाकुड़ जिलान्तर्गत विधानसभा चुनाव 2024 के सफल निर्वाचन हेतु चतरा जिलान्तर्गत केन्द्र सरकार/केन्द्रीय लोक उपक्रम/राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों के पदधिकारियों/कर्मियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार विधान सभा आम चुनाव- 2024 के सफल संचालन हेतु चतरा जिला से पाकुड़ जिला अन्तर्गत विधानसभा चुनाव हेतु जाने वाले सभी मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण दिनांक- 16.11.2024 को प्रथम पाली 10:00 बजे पूर्वाहन से 01:00 बजे अपराहन (पीठासीन पदाधिकारी का पिन नम्बर- 341407407 से 341408718 एवं द्वितीय मतदान पदाधिकारी का पिन नम्बर- 341407409 से 341408922 ) तक तथा द्वितीय पाली 02:00 बजे अपराहन से 05:00 बजे अपराहन (प्रथम मतदान पदाधिकारी का पिन नम्बर- 341407421 से 341408886 एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी का पिन नम्बर- 341407410 से 341408923) तक District CM SOE (राज्य सम्पोशित + 2 बालक उच्च विद्यालय, चतरा) चतरा में निर्धारित है, प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं का आवंटित पिन नम्बर निम्नवत् है:-

| क्र0 | पदनाम | आवंटित पिन नम्बर एवं संख्या | प्रशिक्षण तिथि | समय | कमरा नम्बर | प्रशिक्षण स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| 1 | पीठासीन पदाधिकारी (P) | 341407407 से 341408718 (67) | 16.11.2024 | 10:00 बजे पूर्वाहन से 01:00 बजे अपराहन | बिरसा मुण्डा भवन 1 से 2 | District CM SOE (राज्य सम्पोषित + 2 बालक उच्च विद्यालय, चतरा) चतरा |
| 2 | द्वितीय मतदान पदाधिकारी (P2) | 341407409 से 341408922 (651) | 16.11.2024 | | बिरसा मुण्डा भवन 3 से 5 गार्गी भवन 6 से 9 सावित्रीबाई फुले भवन 10 से 13 टैगोर भवन 14 से 17 सी0वी0 रमन भवन 18 से 19 | |
| 3 | प्रथम मतदान पदाधिकारी (P1) | 341407421 से 341408886 (65) | 16.11.2024 | 02:00 बजे अपराहन से 05:00 बजे अपराहन | बिरसा मुण्डा भवन 1 एवं 2 | |
| 4 | तृतीय मतदान पदाधिकारी (P3) | 341407410 से 341408923 (673) | 16.11.2024 | | बिरसा मुण्डा भवन 1 एवं 2 | |

उपरोक्त सभी आवंटित पिन नम्बर से संबंधित मतदान पदाधिकारियों को निदेशित है कि निर्धारित समयानुसार District CM SOE (राज्य सम्पोषित + 2 बालक उच्च विद्यालय, चतरा) चतरा में उपस्थित होते हुए अपना-अपना प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें एवं निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में मोबाईल का प्रयोग निर्वाचन कार्य छोड़कर अन्य किसी भी कार्य में नहीं करेंगे । सभी मतदान पदाधिकारियों को निदेशित है कि पाकुड़ जिला जाने हेतु दिनांक 17.11.2024 के पूर्वाहन 05.00 बजे जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम, चतरा में उपस्थिति दर्ज कराते हुए वाहन कोषांग से विभिन्न आवंटित वाहनों द्वारा 07.00 बजे पूर्वाहन प्रस्थान करेंगे । उपरोक्त निर्धारित तिथि एवं समय में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी ।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त, चतरा

PR 340125 Chatra(24-25).D

## दूसरे चरण पर टिकीं हैं नेताओं की निगाहें, तय करेगा झारखंड का भविष्य

# दूसरे चरण में 38 सीटों पर भाग्य आजमा रहीं 55 महिलाएं

- 528 उम्मीदवारों में 148 पर आपराधिक व 122 पर गंभीर आपराधिक मामले

सुधीर

रांची। झारखंड विधानसभा के दूसरे चरण के लिए 38 सीटों के लिए 20 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। दूसरे फेज के चुनाव में वैसे तो 528 उम्मीदवार चुनावी अखाड़े में ताल ठोक रहे हैं। इसमें राज्य की 38 सीटों पर 55 महिलाएं चुनावी ताल ठोंक रही हैं। इनमें झरिया से पूर्णिया नीरज सिंह और रागिनी सिंह, बोकारो से श्वेता सिंह, सिंदरी से तारा देवी, डुमरी से देवी देवी और यशोदा देवी, गांडेय से कल्पना सोरेन और मुनिया देवी, जमुआ से मंजू देवी, रामगढ़ से ममता देवी और सुनीता देवी, महागामा से दीपिका पांडे सिंह, जामा से लुईस मरांडी और जामताड़ा से सीता सोरेन की प्रतिष्ठा भी दांव पर है। इसमें कई प्रत्याशी ऐसे हैं जो बड़े नेताओं का खेल बिगाड़ सकते हैं।

### दूसरा चरण ही तय करेगा झारखंड का भविष्य

झारखंड विधानसभा का दूसरा चरण ही झारखंड की राजनीति का भविष्य तय करेगा। दूसरे चरण में एक तरफ जहां बरहेट में सीएम हेमंत सोरेन पर सबकी नजर रहेगी वहीं दूसरी तरफ धनवार में बाबूलाल मरांडी पर भी सबकी नजरें होंगी। गांडेय में कल्पना सोरेन भी इसी चरण में चुनाव मैदान में हैं। दूसरे चरण में सीएम हेमंत सोरेन के अलावा 11 मंत्रियों की किस्मत दांव पर है। जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम के प्रत्याशियों का भी जोर दिखेगा। डुमरी और बेरमो में जयराम खुद चुनावी मैदान में हैं। सिल्ली से सुदेश महतो और देवेंद्रनाथ महतो चुनाव मैदान में हैं।

### इसी फेज में है सीता की अग्नि परीक्षा

दूसरे चरण में एक तरफ जहां दुमका से बसंत सोरेन की किस्मत दांव पर है। वहीं दूसरी तरफ जामताड़ा से इरफान अंसारी हैं, जिनकी टक्कर हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन से है। मधुपुर सीट से हफीजउल हसन चुनावी मैदान में हैं और जरमुंडी से बादल पत्रलेख ताल ठोक रहे हैं। पाकुड़ से कांग्रेस नेता आलमगीर आलम की पत्नी अपनी किस्मत आजमी रही हैं। बोरियो सीट से लोबिन हेंब्रम हैं, जो बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

### 12 प्रत्याशियों पर महिला अत्याचार के मामले

528 उम्मीदवारों में 148 उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। जबकि 122 उम्मीदवारों के खिलाफ गंभीर अपराधिक मामले दर्ज हैं। एडीआर की रिर्पोट में इसका खुलासा हुआ है। रिर्पोट के मुताबिक, महिला पर अत्याचार के मामले 12 उम्मीदवारों पर दर्ज हैं। तीन उम्मीदवारों पर हत्या से संबंधित मामले हैं। जबकि 34 उम्मीदवारों पर हत्या के प्रयास के मामले दर्ज हैं। इस चुनाव में भाजपा के 23 उम्मीदवार करोड़पति हैं। झामुमो के 18 उम्मीदवार करोड़पति हैं। कांग्रेस के 10, आजसू के पांच, बीएसपी के चार और राजद के दो उम्मीदवार करोड़पति हैं।

**अकील अख्तर के पास 402 करोड़ से अधिक की संपत्ति तो राजेशवर के पास मात्र सौ रुपये** : पाकुड़ से समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ रहे अकील अख्तर के पास 402 करोड़ 99 लाख 51 हजार 816 रुपए की संपत्ति है। दूसरे नंबर पर निर्दलीय चुनाव लड़ रहे निरंजन राय के पास 137 करोड़ 36 लाख, 62 हजार 527 रुपए की संपत्ति है। तीसरे नंबर पर आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार मोहम्मद दानिश के पास 32 करोड़, 10 लाख, 22 हजार 694 रुपए की संपत्ति है। वहीं, निर्दलीय चुनाव लड़ रहे राजेश्वर महतो के पास सिर्फ 100 रुपए ही हैं।

## स्पीड न्यूज

### महागठबंधन प्रत्याशी संजय सिंह यादव ने वोटरों का जताया आभार



**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद से महागठबंधन उम्मीदवार व राजद के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक संजय सिंह यादव ने अपने विस क्षेत्र के मतदाताओं समेत झारखंड प्रदेश के मतदाताओं के प्रति आभार जताया। कहा कि हुसैनाबाद की देवतुल्य जनता भारी संख्या में महागठबंधन के समर्थन में वोट की है। जिन्हें मैं दिल से आभार प्रकट करता हूं।

### ज्ञानोदय में धूमधाम से मना बाल दिवस



**हुसैनाबाद पलामू।** ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, गणेशपुरी, जपला में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने चाचा नेहरू का रूप धारण कर उनकी तस्वीर पर फूल, दीपक एवं केक काटकर जन्मदिन मनाया। चाचा नेहरू का रूप धारण करने वाले बच्चों में प्रियांशु कुमार, शाहिद अख्तर, अंशु कुमार, समीद अख़्तर, यश राज, दक्ष कुमार थे। संचालन प्राचार्य विनय सिंह ने किया। निदेशक मनोज प्रजापति ने कहा कि पंडित नेहरू के जन्मदिन पर बाल दिवस मनाया जाता है। मौके पर शिखा कुमारी, प्रमिला देवी, टिंकल कुमारी, धर्मशिला कुमारी, प्रीति कुमारी, राजकिशोर, अविनाश कुमार, विनय कुमार प्रजापति, हेमंत कुमार थे।

### उत्तर कोयल की लोटनिया पुल जानलेवा

**हुसैनाबाद पलामू।** जपला से उत्तर कोयल नहर परियोजना से होकर नबीनगर जानेवाली मुख्य सड़क में लोटनिया व सोनबरसा गांव के समीप बनी तिरछा पुल जानलेवा साबित हो रही है जिसमें आये दिन दुर्घनाएं घट रही हैं। इसके बावजूद सरकारी तंत्र या विभाग सोयी हुई है। बीते दिनों छठ के दिन भी एक दुर्घटना घटी, जिसमें दो युवक काल के गाल में समा गये। वहीं दूसरी घटना मतदान करने एक दिन पूर्व उसी स्थान पर एक बाइक गिर गयी। एक वर्ष में इस नहर पर कई बार स्कूल के बच्चों से भरी वाहन भी दुर्घटनाग्रस्त हुए। ग्रामीणों का कहना है अगर प्रशासन की नींद नहीं खुली तो विधानसभा मतगणना के बाद जमकर आंदोलन किया जायेगा।

### बाल दिवस : वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों को गांधी पार्क का भ्रमण कराया



**चैनपुर पलामू।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लोगों की हरसंभव मदद करने में सक्रिय रही है। टीम वरदान वैसे बच्चों को शिक्षित करने का बीड़ा उठाया है जो शिक्षा से वंचित हैं या शिक्षा के प्रति उदासीन हैं। बाल दिवस पर इन बच्चों ने गांधी उद्यान में उत्सव मनाया, मनोरंजन किया और साथ ही सभी बच्चों के बीच जलेबी, मिठाई का वितरण किया गया। संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा ने सभी बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन से संबंधित बातें बतायी। मौके पर शुभम बिहारी, सुमन, काजल, नमिता, प्रीति, चांदनी, अक्षय, आदर्श, विशाल, कार्तिक, परी, जानू खातून, अनन्या, रागिनी, खुशी, शिवानी, अयान अंसारी, सूफियान अंसारी, प्रतीक, रानी, प्रित भी थे।

### मनुष्य का निर्माण स्नेह, समर्पण संयम, धैर्य से ही संभव : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मोत्सव पर संत मरियम आवासीय विद्यालय में बाल दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, प्रधानाचार्य कुमार आदर्श व अन्य शिक्षकों ने उनके चित्र के सम्मुख माल्यार्पण किया। फिर बच्चों ने केक काटा। विद्यालय में कई खेल प्रतियोगिता भी हुई। जिसमें अव्वल विद्यार्थी को विद्यालय प्रबंधन ने सम्मानित किया। श्री देव ने चाचा नेहरू की जीवनी पर कहा कि भारत में बच्चों के कल्याण के प्रति नेहरू की प्रतिबद्धता का सम्मान करने के लिए 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जाता है। मनुष्य का निर्माण स्नेह, समर्पण, त्याग, संयम सहयोग, एवं संवेदनाओं से ही संभव है। मौके पर छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, समन्वयक रिजवाना परवीन, रोशन राज, साथ ही समस्त शिक्षक, कर्मचारी व बच्चे मौजूद थे।

### समता स्कूल में बाल दिवस पर खेलकूद



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के अमन चैन मोहल्ला स्थित समता स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी की जयंती मनायी गयी। इसमें सभी शिक्षकों की उपस्थिति में विद्यालय के निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉ अक्षय चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों को खेलकूद से संबंधित खेल किया गया। उसके बाद प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले बच्चों को पुरस्कार के रूप में लेखन सामग्री मेडल एवं मिठाइयां बांटी गयी। निर्देशक सह प्रधानाचार्य डॉ अक्षय चौहान ने कहा कि हमलोग प्रतिवर्ष पंडित नेहरू की याद में बाल दिवस मनाते हैं। क्योंकि उन्हें बच्चों से काफी प्यार था। बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पुरस्कार से बच्चों का उत्साहवर्धन होता है और दुगनी मेहनत करते हैं। मौके पर शिक्षक संतोष मिश्रा, विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु सिंह, विनोद सिंह, अनुज सिंह, राहुल चौहान, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, उम्म सैयद, प्रियंका कुमारी, राहुल गुप्ता आदि भी थे।

# पांकी के भाजपा प्रत्याशी डॉ मेहता ने मतदाताओं के प्रति जताया आभार

- एक बार फिर पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की ऐतिहासिक जीत हो रही है
- डर पैदा करनेवालों के खिलाफ जमकर हुई वोटिंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्याशी डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पांकी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह पांकी में भय का वातावरण पैदा कर मतदाताओं को डराने के लिए भाजपा समर्थकों पर हमला कर मतदाताओं को प्रभावित करने प्रयास किया गया था, लेकिन पांकी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने भाजपा को अपार समर्थन देकर वैसे लोगों को करारा जवाब दिया है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि पांच साल पहले इलाके में में जो भय का वातावरण था उसे पांच साल में अमन-चैन का वातावरण कायम करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का ही प्रतिफल रहा कि एक बार फिर पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की ऐतिहासिक जीत हो रही है।

समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी ने मतदाताओं के प्रति जताया आभार, कहा

# डालटनगंज विधानसभा क्षेत्रवासियों का ऋणी रहेगा नामधारी परिवार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी ने विधानसभा चुनाव में मतदान करनेवाले सभी मतदाताओं सहित डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि नामधारी परिवार विधानसभा क्षेत्रवासियों के प्रति सदा ऋणी रहेगा। श्री नमधारी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के पक्ष में मतदान करनेवाले और नामधारी परिवार के प्रति निष्ठा रखनेवाले सभी लोगों के प्रति हृदय से धन्यवाद देता हूं। साथ ही आशा करता हूं कि आप सबों का आशीर्वाद प्यार व श्रद्धाभाव नामधारी परिवार पर सदा बनी रहे। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सोनू ने कहा कि जिस तरह जाति धर्म संप्रदाय से हटकर विस क्षेत्र के मतदाताओं ने निर्दलीय प्रत्याशी व मेरे अग्रज दिलीप सिंह नामधारी को अपार समर्थन देकर विस के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी एवं समस्त नामधारी परिवार के प्रति अस्था जताया है। इसे नामधारी परिवार कदापि भूल नहीं सकता। श्री नामधारी ने कहा कि डालटनगंज विस क्षेत्र सहित समस्त पलामूवासियों के साथ इंदर सिंह नामधारी का गहरा लगाव रहा है। वे हमेशा पलामू की तरक्की विकास व सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने में अग्रणी भूमिका निभाते आये हरं। उनका एक सपना है कि मेरे बाद भी मेरे परिवार का सदस्य समाजसेवा करते रहे। लोगों के दुख सुख में साथ रहें।

धूमधाम से मनी गुरुनानक देव की 555वीं जयंती, सतबीर सिंह राजा बोले

# गुरुनानक देव जी ने दुनिया को दिया एकसूत्र में बांधने का संदेश

- बेलवाटिका गुरूद्वारा से निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा सह नगर कीर्तन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रभातफेरी में शामिल सिख समुदाय के लोग।

**मेदिनीनगर।** सिक्ख समुदाय का महान पर्व प्रकाश उत्सव पर्व गुरूनानक देवजी की जयंती पूरे देश में मनाया जाता है। गुरूनानक देवजी के 555वां जयंती पर डालटनगंज सिक्ख समुदाय ने दो से 13 नवंबर तक प्रभात फेरी निकाली। उसके बाद गुरूद्वारा में गुरूग्रंथ का पाठ कर सिक्ख समुदाय द्वारा विशेष रूप से पूजा अर्चना की गयी। गुरूवार को पलामू जिला सिक्ख समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा सह नगर कीर्तन निकाली गई। जो बेलवाटिका स्थित गुरूद्वारा से होते हुए सुभाष चौक, पोस्ट ऑफिस रोड, जिला स्कूल चौक, पंच मुहान चौक, बिष्णु मंदिर रोड होते हुए अस्पताल चौक, छह मुहान होते हुए पुनः गुरूद्वारा जाकर संपन्न हुआ। इस यात्रा में पंजाब से आये सिक्ख मार्शल आर्ट गदका के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक करतब दिखाये। जिससे लोग काफी मंत्रमुग्ध थे। शोभा यात्रा में पटना साहिद से पधारे रागी जत्था एवं टाटा से आये लोगों ने गुरूनानक देव की वाणी पर आधारित एक से बढ़कर एक भजन नगर कीर्तन में गाये।

**खास बातें :** समाज के अध्यक्ष सतबीर सिंह राजा ने कहा कि हम सभी समाज के लिए ही नहीं बल्कि पूरे भारत के लिए गुरूनानक देवजी का संदेश अनुकरणीय है। यह त्योहार हमलोगों के लिए महान व महत्वपूर्ण है। आज के दिन हम उनके त्याग व समर्पण को याद कर अपने आप को गौरवान्वित महसूस करते हैं। कहा कि गुरूनानक देवजी भारत ही नहीं पूरे विश्व को एकसूत्र में बांधने का जो संदेश दिया था आज उस संदेश पर हम सभी को अनुकरण करने की जरूरत है।

# चाचा नेहरु के जीवन के सद्गुणों को आत्मसात करने की जरूरत: डॉ सिंह

- ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का किया गया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**




कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य और उपस्थित स्कूली बच्चे।

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बाल दिवस का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा की गयी, जिसमें भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रस्तुत की गयी। शिक्षक प्रताप हलधर ने नेहरु जी के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। प्री-नर्सरी से कक्षा तृतीय तक के छात्रों के लिए नृत्य का आयोजन किया गया जिसका छात्रों ने खूब लुफ्त उठाया। प्री-नर्सरी से कक्षा तृतीय के कुछ छात्र नेहरु जी का स्वांग धारण कर प्रार्थना सभा में उपस्थित थे। विद्यालय प्राचार्य डॉ एके सिंह ने छात्रों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी। बाल दिवस के अवसर पर पंडित जवाहर लाल नेहरु जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चाचा नेहरु के जीवन के सद्गुणों को आत्मसात करने का सतत प्रयास हम सबको करना चाहिए। चाचा नेहरु के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाना बच्चों के प्रति उनके लगाव को अभिव्यक्त करता है। 14 नवम्बर 1889 को जन्मे नेहरु जी को लाल गुलाब व बच्चे अति प्रिय थे। बाल दिवस के इस शुभ अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं को मिष्ठान वितरण कर मुंह मीठा कराया गया। बाल दिवस पर प्रातःकालीन सभा में बच्चे प्रसन्नचित्त थे। बाल दिवस का दिन युवा पीढ़ी के पालन, पोषण व शिक्षण के महत्व को इंगित करता है। चूंकि यही हमारे देश के कर्णधार है। यह दिन बच्चों के सम्मान और हितवृद्धि का दिन है।

# वोट दे के का करब, चार माह से अनाज नइखे मिलल...

- प्रशासन और सरकार की तमाम जागरूकता अभियान के बावजूद लोकतंत्र के महापर्व में नहीं मिल पाता है पूरा का पूरा लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



वोट के दिन भी इंट भट्ठा में काम करता मजदूर।

**मेदिनीनगर /नावा बाजार।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन ने कई तरह के कार्यक्रम चलाये ताकि मतदान प्रतिशत बढ़े, लेकिन आज भी इसका असर अपेक्षित रूप से नहीं दिख रहा है। छतरपुर विस क्षेत्र के पड़वा प्रखंड क्षेत्र के एमएए मार्का इंट्ट भट्ठा में एक मजदूर अपनी पत्नी और एक दस वर्षीय बच्चे के साथ इंट्ट बना रहा था। मजदूर श्रवण भुइयां एवं उसकी पत्नी आरती देवी पड़वा प्रखंड के गोल्हना के रहने वाले हैं। जब उनसे पूछा गया कि आप लोग को पता है कि आज वोट है। झल्लाते हुए दोनों ने बताया कि हां आज वोट पड़त बा...। वोट देके का करब चार-चार माह से अनाज नइखे मिलल...। इ देखे वाला कोई बा। कमाइब नाहीं त का खाइब...।

## पैसे के अभाव में वोट देने नहीं जा सके सुरेश और मिथलेश





**नावा बाजार पलामू।** दोपहर 2 बजे नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के बाना स्थित एमबी इंट्ट भट्ठा पर गोदरमाना थाना क्षेत्र के हुमिया के सुरेश लोहरा और रमकंडा थाना क्षेत्र के जासोबार के रमेश भुइयां अपने परिवार के सदस्यों के साथ इंट्ट बना रहा है। जब उनसे पूछा गया कि आज वोट देने गांव नहीं गया। दोनों ने बताया कि बाबू घर से फोन आया था कि आज वोट है। लेकिन क्या करें, यहां से घर जाने के लिए पैसे चाहिए। सप्ताह में खोराकी इतना ही मिलता है जितना में एक सप्ताह किसी तरह काम चलता है। ऐसे में वोट देने कहां से जा पायेंगे। छुट्टी भी मिलना मुश्किल है। पड़वा एवं नावाबाजार प्रखंड क्षेत्र में लगभग 30 से अधिक इंट्ट भट्ठा है। सभी इंट्ट भट्ठा में मिलाकर लगभग चार हजार से अधिक मतदाता वोट डालने से वंचित रह गये।

### पाटन : मतदाताओं ने बढ़-चढ़ कर लिया हिस्सा

**पाटन पलामू।** विधानसभा चुनाव पाटन प्रखंड में शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। इस चुनावी महापर्व में लोगों ने बढ़-चढ़कर मतदान किया। मतदान को लेकर महिला एवं नौजवान वोटरों में काफी उत्साह देखा गया। पुलिस प्रशासन मतदान शांतिपूर्ण कराने को लेकर काफी सक्रिय रहा। वहीं सभी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वोटर को अपने अपने पक्ष में मतदान कराने को लेकर सक्रिय रहे। अब मतदान समाप्त होते ही पाटन चौक चौराहों पर जीत हार की चर्चा शुरू हो गयी है। सभी पार्टी के प्रत्याशी एवं कार्यकर्ता वोटों का आंकड़ा ले रहे हैं।

### नवविवाहिता की हत्या कर शव को जलाया

**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के उताकी के गुड्डू सिंह की 22 वर्षीय पत्नी की परिजनों ने हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद परिजन शव को जला दिये। पाटन पुलिस को इसकी भनक लगी। जबतक पुलिस पहुंची, तबतक परिजनों ने शव का जला दिया था। पुलिस हत्या मामले की जांच कर रही है।

### फर्जी वोटिंग से मना करने पर मारपीट, प्राथमिकी

**हरिहरगंज (पलामू)।** थाना क्षेत्र के बेलौदर स्थित प्रावि मतदान केंद्र संख्या 299 पर बुधवार को फर्जी वोटिंग से मना करने पर मारपीट मामले में स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जिसमें बेलौदर के मोबीन अंसारी ने कहा है कि केंद्र पर मतदान के समय कुछ लोग फर्जी वोट करना चाह रहे थे। विरोध पर मतदान समाप्त होने के बाद गांव के ही राहुल सिंह, विशाल सिंह, गौतम सिंह, नीरज सिंह, रितेश सिंह, रघुधिर सिंह, रौशन सिंह, प्रिंस सिंह, अभिषेक सिंह, सुनील सिंह समेत करीब 20 अज्ञात लोगों ने लाठी व धारदार हथियार के साथ हमला कर मारपीट की है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर तहकीकात की जा रही है।

### नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड में 65.52 प्रतिशत वोटिंग



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। अति सुदुरवर्ती क्षेत्र उत्क्रमित मध्य विद्यालय गेठा के बूथ नंबर161, मध्य विद्यालय नावाडीह तेनार बूथ नंबर 162 व उत्क्रमित प्राथमिक प्र विद्यालय पथरही बूथ नंबर 129 के बूथ से पहली बार मत देकर आते खुशी से बस यही कहती बहुत उत्साहित हूं। उधर प्रखंड क्षेत्र में सुबह सात बजे से ही मतदाता बूथ पर वोट डालने के लिए पहुंचने लगे। सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लाइनों में खड़े दिखे। मतदाता अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनने के लिए उत्सुक नजर आए। खास कर युवाओं में मतदान के प्रति काफी जोश देखा गया वे सुबह सवेरे ही मतदान करने में आगे रहे।

## हुसैनाबाद : अंधविश्वास में मां ने अपने ही दुधमुंही बच्ची को मार डाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- घटना खरारपर की है, एक मां ने अपने ही ममता का खून पीकर शव दफनाया
- कलंकिनी मां को पुलिस ने भेजा जेल, लेकिन ग्रामीणों में भारी आक्रोश
- पलामू पुलिस की अंधविश्वास जागरूकता की खुल गयी पोल





**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के खरारपर गांव की एक मां ने अंधविश्वास में तांत्रिक सिद्धि को लेकर अपनी ही दुधमुंही डेढ़ वर्ष की बच्ची को मार डाला। इस घटना ने मां शब्द को ही कलंकित कर दिया, जिससे गांव में दहशत हैं। हालांकि पुलिस ने मां को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। लेकिन घटना की तस्वीर व आप बीती ग्रामीणों से सुनने के बाद रोंगटे खड़े हो जा रही हैं। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के खरारपर के अरुण राम की पत्नी गीता देवी ने मंगलवार की मध्य रात्रि में घर से करीब डेढ़ दो किमी दूर सिकनी बरवाधोढ़ा जंगल की तरफ मिट्टी में अपने ही बच्ची परी की दर्दनाक तरीके से हत्या कर दफनाने एवं आपत्तिजनक स्थिति में निर्वस्त्र घर पहुंचने का मामला सामने आया है।

**खास बातें :** घटना की सूचना मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस दल बल के साथ जाकर बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद पूरी घटना की जांच में जुट गयी है। थाना प्रभारी संजय यादव ने बताया कि आरोपी का पति अभी बाहर काम करने गया है। उनको घटना की सूचना है, लेकिन आरोपी की सास के फर्द बयान पर महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया और घटना की सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। सास कौशल्या देवी ने हुसैनाबाद थाना को लिखित शिकायत की है। कहा कि मेरी बहू गीता (30) मंगलवार दोपहर 11 बजे बिना बताये अपनी बच्ची को लेकर घर से चली गयी थी। हमलोग खोजबीन किये तो पता नहीं चला। आधी रात को बेटा अरुण ने बाहर से फोन कर बताया कि मनोज राम के घर पर वह निर्वस्त्र अवस्था में खड़ी है। इसके बाद महिला ने कहा कि मेरे बच्ची को कोई तांत्रिक योगी लेकर चला गया, लेकिन गांव के अन्य लोगों ने सख्ती से पूछताछ किया तो वह बच्ची को सिकनी ढोंढा तरफ लेकर जाने की बात बतायी। जहां मिट्टी से ढंका बच्ची का शव पाया गया। उसके बगल में तांत्रिक साधना के उपकरण पाये गये। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। इस घटना से गांव में दहशत है। कलंकिनी मां की एक बच्ची (6) और भी है, जो काफी डरी हुई है। वह दादी के साथ है। इसने पलामू में जागरूकता अभियान की सफलता की पोल खोल कर रखी दी है।



### भ्रामक खबर फैलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** पांकी में मतदान कार्य के दौरान सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ को पांकी विस में मतदान कार्य के दौरान सूचना मिली कि प्रखंड के पूर्णाडीह मतदान केंद्र सं -125 उरामवि पूर्णाडीह में इवीएम मशीन के बैलेट यूनिट में लगे प्रत्याशियों की सूची पर सेलो टेप लगाकर विडियो वायरल किया जा रहा है। उन्होंने सत्यापन में पाया कि इवीएम के बैलेट यूनिट पर काला सेलो टेप नहीं लगा है। छानबीन में सोशल मीडिया से विस वाला इवीएम मशीन के बैलेट यूनिट का फोटो प्राप्त हुआ।

रोटरी स्कूल चैनपुर में बाल दिवस पर याद किये गये चाचा नेहरू

# सभी बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं: चेयरमैन रो अनुग्रहनारायण

- बच्चों में नेहरू के प्रति सोच बढ़ाना सराहनीय कदम : प्राचार्य अश्लेश पांडेय

**खबर मन्त्र संवाददाता**






**चैनपुर पलामू।** चैनपुर रोटरी स्कूल में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जयंती पर बाल दिवस मनाया गया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के सम्मान में प्रार्थना सभा का संचालन स्वयं से किया। विद्यालय के प्राचार्य अश्लेश पांडेय, उप प्राचार्य, समन्वयक, काउंसलर, शिक्षक प्रतिनिधी तथा शिक्षक शिक्षिकाओं ने दीप प्रज्वलन के साथ चाचा नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। बच्चों के लिए चटपटे व्यंजनों के स्टॉल लगाये गये थे। रंगीन वस्त्रों में बच्चों से भरे विद्यालय परिसर की शोभा देखते बन रही थी। बच्चे हर्षोल्लास में थे। पाठ्यगामी सह क्रियाकलाप के अंतर्गत आयोजित बास्केट बॉल कबड्डी वॉली बाल रंगोली जैसी प्रतियोगिताओं में विजित लगभग 200 प्रतिभागियों को मेडल तथा प्रमाण पत्र दे कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चैयरमैन रो अनुग्रह नारायण शर्मा ने अपने सन्देश में कहा कि बाल दिवस एक उत्साह वर्धन दिवस है। बच्चे हमारे देश के भविष्य है। इनके प्रति नेहरू जी की जो सोच थीं वह निश्चित रूप से सराहनीय है।

# बच्चों के समुचित विकास में शिक्षकों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण : शंकर दयाल

- ज्ञान निकेतन स्कूल में बाल दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चाचा नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**मेदिनीनगर।** विमला पांडेय मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल में बाल दिवस पर बच्चों के लिए खेलकूद एवं अन्य कार्यक्रम किये गये। जिसका उद्घाटन विद्यालय के अध्यक्ष बलिराम शर्मा, प्राचार्य मनोहर पांडेय, शैक्षिक निदेशक शंकर दयाल तथा विद्यालय प्रभारी मनोज श्रीवास्तव ने किया। साथ ही देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। छोटे बच्चों के लिए खेलकूद किया गया।

अध्यक्ष ने कहा कि आज के बच्चे ही देश के भविष्य हैं। अतः राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है कि सभी बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले। इसमें शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षकों को उन्हें पढ़ाने के साथ इस बात का भी ध्यान रखना है कि वे शिक्षित होने के साथ बेहतर नागरिक भी बनें। प्राचार्य ने कहा कि सभी शिक्षकों को ऐसे पढ़ाना चाहिए कि पढ़ाई बच्चों को बोझ तथा उबाऊ न लगे। उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद का भरपूर अवसर उपलब्ध कराना चाहिए ताकि उनका मानसिक विकास के साथ शारीरिक विकास भी हो सके। विद्यालय के शिक्षा निदेशक शंकर दयाल ने सभी बच्चों को बाल-दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि सभी बच्चों के विकास में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

स्पीड न्यूज

## झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने मतदाताओं का जताया आभार



**सिमरिया।** झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने सिमरिया विधानसभा में मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर सिमरिया विधानसभा की समस्त जनता को धन्यवाद दिया। मतदान के दूसरे दिन, मनोज चंद्रा क्षेत्र में दिखे और हर्षनाथपुर में एक अधेड़ की मृत्यु हो जाने पर अपनी पत्नी प्रेमलता चंद्रा और समर्थकों के साथ पहुंचे, भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और भगवान से परिजनों को दुख सहने की क्षमता देने की प्रार्थना की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उसके बाद, उन्होंने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों से मुलाकात की और अंत में घर पहुंचकर परिवार के साथ मूल झूलकर प्रत्येक दिन की भांति लोगों की सेवा में निकल पड़े।

## शारदा देवी ने भाजपा को दिया त्यागपत्र



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय गांव की समाजसेवी और जिला परिषद उम्मीदवार शारदा देवी ने भाजपा को लिखित त्यागपत्र दे दिया है। उन्हें मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड भाजपा अध्यक्ष कपिल कुमार दांगी ने भाजपा में शामिल होने के लिए बुलाया था, लेकिन जब वह कार्यालय पहुंची तो उन्हें सम्मान नहीं मिला। इसी वजह से उन्होंने त्यागपत्र दे दिया। शारदा देवी ने झामुमो में शामिल होने की बात का खंडन किया है। वह रविवार को झामुमो के जनसभा कार्यक्रम को सुनने जवाहरलाल नेहरू फुटबॉल मैदान पहुंची थीं। वहां, कुछ मुख्य बातों को लेकर मनोज चंद्रा ने उन्हें स्टेज पर बुलाया और बातचीत के दौरान कुछ पत्रकारों ने उनकी तस्वीरें खींच लीं। इसके बाद, सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैल गई कि शारदा देवी जेएमएम में शामिल हो गई हैं। उन्होंने कहा कि वह निर्दलीय हैं और निर्दलीय ही रहेंगी। उन्हें अभी किसी भी पार्टी की जरूरत नहीं है।

## बाल दिवस पर याद किये गये चाचा नेहरू



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सभी सरकारी और निजी स्कूलों में बुधवार को बाल दिवस के रूप में चाचा नेहरू की जयंती मनाई गई। वहीं नावाडीह पंचायत स्थित रामानद सागर शिक्षा निकेतन एवं भारती उच्च विद्यालय समेत शैक्षिक संस्थानों में पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद करते हुए उनकी जयंती मनाई गई। वहीं प्रधानाचार्य मिथलेश कुमार वर्मा एवं प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद वर्मा ने बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई और बाल दिवस के महत्व पर भी चर्चा की गई। वहीं रामानद सागर शिक्षा निकेतन में बाल दिवस के अवसर पर विद्यालय में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद और रंगोली प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। वहीं सफल बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया।

# ईवीएम की सुरक्षा कड़ी, वज्रगृह में बीएसएफ के जवान तैनात

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न होने के साथ कोडरमा विधानसभा चुनाव में खड़े 13 प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में बंद हो चुका है। बीते बुधवार देर रात्रि तक राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में बनाये गए वज्रगृह में पोलिंग पार्टियों के द्वारा ईवीएम विविपैट जमा करने के साथ ही प्रत्याशियों, प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वज्रगृह को पूरी तरह सील कर दिया गया है और सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया। वहीं वज्रगृह समेत पूरे पॉलिटेक्निक कॉलेज के चप्पे-चप्पे को सीसीटीवी कैमरे से निगहबानी की जा रही है। वहीं दो स्तरीय सुरक्षा



का प्रबंध किया गया, बीएसएफ और जैप के जवानों को जगह-जगह पर तैनात किया गया है, इसके अलावे प्रवेश द्वार पर पुलिस पदाधिकारी और जिला बल के जवान को तैनात किया गया है। वहीं प्रवेश द्वार के समीप ही प्रत्याशियों, प्रतिनिधियों के रुकने के लिए अस्थायी शेड बनाया गया है, जहां से सीसीटीवी के माध्यम से चुनाव में खड़े प्रत्याशी अथवा उनके प्रतिनिधि वज्रगृह पर निगरानी रख सकते हैं।

वहीं एसडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी रिया सिंह ने बताया कि वज्रगृह की सुरक्षा को लेकर कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां से 24 गुणे 7 घण्टे वज्रगृह की निगरानी की जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि 23 नवम्बर को होने वाले मतगणना के लिए तैयारी चल रही है, मतों की गिनती के लिए 20 टेबल लगाए जाएंगे, साथ ही एक टेबल आरओ के लिए अतिरिक्त लगाया जाएगा। मतों की गिनती के दिन सुरक्षा व्यवस्था त्री स्तरीय रहेगा।

## बाल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की चित्र पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार एवं निदेशिका संगीता शर्मा के द्वारा पुष्प अर्पित कर की गयी। इस अवसर पर छात्रों के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसे विद्यालय के शिक्षकों द्वारा कराया गया। प्रार्थना सभा का कमांड राहुल सम्राट ने प्रार्थना गीत एवं स्कूल गीत अर्चना धर, प्रतिज्ञा प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार, सुविचार सत्यभामा ठाकुर, न्यूज़ संदीप कुमार, स्कूल न्यूज़ अनुराधा सिंह, कविता पाठ लक्ष्मी कुमारी एवं कृष्णा भट्टाचार्य, क्विज राहुल मिश्रा एवं मंच संचालन सुप्रीत कौर ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य



शैलेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में युवा दिमागों के पोषण और छात्रों के बीच रचनात्मकता, करुणा और लचीलेपन को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया और उज्जवल भविष्य को आकार देने में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने दिन के कार्यक्रमों में छात्रों के उत्साह और सक्रिय भागीदारी को देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने समग्र विकास के लिए सहायक वातावरण बनाने में मॉडर्न पब्लिक स्कूल की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने दयालुता, ईमानदारी और कड़ी मेहनत के महत्व के बारे में प्रेरणादायक शब्द भी छात्रों के साथ साझा किया।

वहीं कक्षा पीजी से अष्टम तक के छात्रों के लिए शिक्षकों द्वारा गेम्स एक्टिविटी का आयोजन किया गया एवं प्रेरणादायक मूवी दिखाया गया। वहीं कक्षा नवमी से बारहवीं तक के छात्रों की संयुक्त क्रिकेट टीम का मुकाबला प्राचार्य एकादस की टीम से हुआ, जिसमें टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्राचार्य एकदास की टीम ने 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 96 रन स्कोर किया, जिमसें प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने 49 रन, सलीम ने 18 रन का योगदान रहा। छात्र एकादस की तरफ से सुधांशु ने 2 एवं सौरव ने 1 विकेट लिया। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी छात्र एकादस की टीम 8.4 ओवरों में 60 रन पर सिमट गयी, जिसमें हार्दिक ने 15 रन, तनिष्क एवं सौरव ने 13-13 रनों का योगदान दिया। वहीं प्राचार्य एकादस की तरफ से गेंदबाजी करते हुए प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार ने 6 विकेट, सूरज कुमार एवं दीपेश सिंह ने 2-2 विकेट लिया। प्राचार्य एकादस की टीम ने 36 रनों से मैच जीत लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुरे विद्यालय परिवार की भूमिका सराहनीय रही।

## बाल दिवस पर विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में विविध कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं सर्वप्रथम संगोष्ठी आयोजित कर सभी बच्चों को बाल दिवस की महत्व व इतिहास को समझाया गया। वहीं चाचा नेहरू के बताएं मार्गो पर चलने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया। जिसके पश्चात् कई प्रकार के खेल कूद जैसे चेयर रेस, सौ मीटर की रेस, कबड्डी, वॉलीबॉल, हाय जंप, लांग जंप आदि कार्यक्रम करवाया गया। इन सभी खेलों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं प्राचार्य राधेश्याम पंडित ने कहा कि बाल दिवस पर जहां एक ओर बच्चे खेल कूद कर मनोरंजन करते हैं, वहीं दूसरे बच्चे सफल बच्चों की सफलता के गाथा को सुनकर उसके मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित होते हैं।

## जीएस पब्लिक स्कूल में मना बाल दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर स्थित जीएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को बड़े ही धूम-धाम से बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह, निदेशक नितेश कुमार, उप-निदेशक नीरज सिंह, प्राचार्या प्रतिमा कुमारी व कोऑर्डिनेटर सोनी चंदन मौजूद रहे। वहीं निदेशक नितेश कुमार ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। उन्हें बच्चों से इतना प्यार था कि उन्हें चाचा नेहरू के नाम से भी जान जाता है और उनके जन्मदिन 14 नवंबर को भारत में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। उनके मन में बच्चों के लिए अपार प्यार और




सम्मान था और वह उन्हें हमारे देश का भविष्य मानते थे। वहीं उप-निदेशक नीरज कुमार ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने अपने एक प्रसिद्ध भाषण में कहा था, आज के बच्चे कल के भविष्य निर्माता होंगे। जिस तरह से हम उनका पालन-पोषण करेंगे, उससे देश का भविष्य तय होगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं विभिन्न तरह का खेलकूद करवाया गया। मौके पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## चाचा नेहरू की याद में कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस की धूम रही एवं रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत चाचा नेहरू के चित्र पर मल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर सभी बच्चे नेहरू की वेशभूषा में विद्यालय आए। वहीं भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जहां बच्चों ने बहुत ही मनोरम प्रस्तुति दी। वहीं रिधिमा सिंह ने एक बचपन का जमाना था कविता पर प्रस्तुति दी।

## द-आई स्कूल के बच्चों ने बाल दिवस को बनाया यादगार

**कोडरमा।** सहाना रोड स्थित द-आई स्कूल में गुरुवार को बच्चों ने उत्साहपूर्वक बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को बाल दिवस के महत्व और पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन के बारे में विस्तार से बताया गया। वहीं बच्चों ने अपने प्यारे चाचा नेहरू का जन्मदिन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। मौके पर कई प्रकार के खेल और स्पोर्ट्स प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल की डायरेक्टर मधु ने सभी को बाल दिवस की बधाई दी और कहा कि बच्चे हमारे देश की धरोहर हैं।

## बीआर इंटरनेशनल स्कूल में बाल दिवस पर मचा धूम



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** बीआर इंटरनेशनल स्कूल चाराडीह में बाल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पार्पण कर की गई, जिसमें सभी शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया। वहीं अकादमिक इंचार्ज मुक्तेश शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 14 नवंबर को मनाए जाने वाले बाल दिवस को सफल बनाना बच्चों की जिम्मेदारी है। उन्होंने पंडित नेहरू के बच्चों के प्रति स्नेह और उनके योगदान की सराहना की, साथ ही बच्चों को प्रेरित किया कि वे बाल दिवस के महत्व को समझें और उसे आत्मसात करें। वहीं निदेशक ओम प्रकाश राय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल दिवस बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की याद दिलाने वाला दिन है।

## आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय में पंडित जवाहर लाल नेहरू व बिरसा मुंडा की जयंती मनी




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में 14 नवंबर को बाल दिवस और एक दिन पूर्व संध्या पर झारखण्ड स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के उप प्राचार्य रवींद्र कुमार रवि और विद्यालय के प्रशासक दीपक कुमार, कॉर्डिनेटर महेन्द्र कुमार राणा, वरिष्ठ शिक्षक गोपाल कुमार यादव, नरेश सिंह आदि ने चाचा नेहरू और भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित कर किया।

बाल दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा कि पंडित नेहरू भारत के सच्चे पथप्रदर्शक, कुशल विचारक थे, जिन्होंने भारत को अग्रणी देशों की श्रेणी में रखने हेतु नींव रखी थी। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा से आज हम सभी को सीखने की जरूरत है कि कैसे अपनी जंगल, जमीन और देश की रक्षा की जाती है।

मौके पर रवींद्र कुमार रवि, महेन्द्र कुमार राणा, सीताराम यादव, शाहिद हुसैन, शमशेर आलम, सनोज कुमार, मुकेश राणा, पप्पु कुमार, बिट्टू कुमार, सुनील कुमार यादव, शरीफ अंसारी नीलम प्रभा, सुनीता कुमारी, पंकज कुमार साव, केदार यादव, लक्ष्मण चन्द्र यादव, मिथलेश पांडेय, रामचंद्र यादव, सतीश कुमार, रवि रंजन, जन्नत परवीन, पम्मी राय आदि शिक्षक मौजूद थे।

## ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के साथ स्ट्रांग रूम में रखा गया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा और सिमरिया विधानसभा क्षेत्रों में 13 नवंबर 2024 को मतदान शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद, पोस्ट पोल ईवीएम प्राप्त करने की प्रक्रिया उसी दिन शाम से चतरा कॉलेज, चतरा में शुरू हुई। निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा और निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया की मौजूदगी में पोस्ट पोल ईवीएम रिसीव किए जा रहे थे। चतरा कॉलेज में पोस्ट पोल



ईवीएम के लिए स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जहाँ मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षित रखा गया है। स्ट्रांग रूम का निर्माण भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया गया है और पोस्ट पोल ईवीएम को विधानसभावार रखा गया है तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सील किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय द्वारा ईवीएम रिसीव प्रक्रिया और चतरा कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इधर, 23 नवंबर की सुबह मतगणना की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिसे देखते हुए स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। ताकि किसी भी असमाजिक तत्वों द्वारा स्ट्रांग रूम के साथ छेड़छाड़ नहीं किया जा सके। दरअसल स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पारा मिलेटरी फोर्स के हवाले किया गया है। इसके अलावा पूरे कॉलेज कैम्पस को आई आर वी के जवान एवं जिला पुलिस के तमाम पदाधिकारी को भी सुरक्षा में तैनात कर दिया गया है।

एक नजर में

## भद्रकाली महाविद्यालय में बाल दिवस समारोह का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय इटखोरी में 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात उपस्थित छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। पंडित नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण करके उन्हे नमन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि नेहरू को बच्चों से बहुत लगाव था। बच्चे प्यार से नेहरू को चाचा कहकर बुलाते थे। इस अवसर पर प्रो0 ललित मोहन सिन्हा ने बच्चों से नेहरू के जीवन और व्यक्तित्व का अनुकरण करने का आग्रह किया। प्रो0 श्याम सुंदर प्रसाद ने बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए मोबाइल से दूर रहने पर जोर दिया।

कार्यक्रम को प्रो0 जानकी प्रसाद दांगी और प्रो0 महेंद्र ठाकुर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस इकाई 1 के कार्यक्रम प्रभारी प्रो0 संदीप कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 ललित मोहन सिन्हा ने दिया। कार्यक्रम में प्रो0 धीरेंद्र यादव, प्रो0 लीलू रानी, और कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## भाजपा उम्मीदवार उज्जवल ने मतदाताओं को धन्यवाद दिया

खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** सिमरिया विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार उज्जवल दास ने चुनाव संपन्न होने के बाद सभी मतदाताओं, माता-बहनों, नौजवान साथियों, भारतीय जनता पार्टी और आजसू सहित एनडीए गठबंधन के सहयोगी दलों, पत्रकार बंधुओं, पार्टी के सभी मोर्चों के पदाधिकारियों और बूथ कमेटी के सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।

उन्होंने सभी मतदाताओं की सराहना की जिन्होंने लोकतंत्र को मजबूत बनाने में योगदान दिया। उन्होंने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और पारदर्शिता के प्रति अपना



सम्मान व्यक्त करते हुए, मतदाताओं को निर्भीक और स्वतंत्र मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने सिमरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाया कि वे उनके बेटे और भाई के रूप में उनके सेवा और सम्मान में हमेशा खड़े रहेंगे।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने किया महागठबंधन की जीत का दावा

खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** झारखंड के कैबिनेट मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने दावा किया है कि चतरा विधानसभा चुनाव के रुझानों से स्पष्ट है कि महागठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी रश्मि प्रकाश 50 हजार वोटों से जीत हासिल करेंगी। उन्होंने कहा कि 23 नवंबर को मतगणना की तिथि निर्धारित है और क्षेत्र की माताओं ने अपना प्यार रश्मि प्रकाश को दिया है। मंत्री श्री भोक्ता ने वोटिंग प्रतिशत में वृद्धि के लिए झारखंड सरकार की 'मइयां सम्मान योजना' को श्रेय दिया है। उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर चतरा वासियों को बधाई दी है



और अपने बधाई संदेश में विधानसभा के सभी नागरिकों, चुनाव कार्य में लगे सभी प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, सुरक्षा बलों और मीडिया कर्मियों को भी याद किया है।

## 11 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** सिमरिया विधानसभा चुनाव में ताल ठोक रहे 11 प्रत्याशियों की किस्मत 13 नवंबर को ईवीएम में बंद हो गई है। मतदाताओं के मतदान होने से प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गई हैं। प्रत्याशी अब तक नहीं समझ पा रहे हैं कि वास्तव में अधिकांश मतदाताओं ने किस प्रत्याशी को अपना वोट दिया है। वोट देने के बाद प्रत्याशी और उनके कार्यकर्ता मतदाताओं का मन टटोलना शुरू कर चुके हैं। वहीं बूथ स्तर पर कमेटी से मतदान केंद्रों पर हुई वोटिंग में से वोटों की गणना के बारे में भी रिपोर्ट लेनी शुरू हो गई है। सभी प्रत्याशी और उनके रणनीतिकार वोट मिलने का गुणा-भाग लगाने में जुट गए हैं। बावजूद इसके वे किसी निष्कर्ष पर सही ढंग से नहीं पहुँच पा रहे हैं। 23 नवंबर को होने वाली मतगणना पर अब प्रत्याशियों सहित कार्यकताओं की नजरें टिकी हैं।

मतदाता किस प्रत्याशी को सिमरिया विधानसभा सीट पर ताज पहनाते हैं, यह जानने की उत्सुकता प्रत्याशियों में बढ़ गई है। हालाँकि दो प्रत्याशी पूर्व में ही झामुमो को अपना समर्थन दे चुके थे। फिर भी 23 नवंबर को मुकाबले के परिणाम में झामुमो और भाजपा का सीधा टकराव होने की बात मतदाता कर रहे हैं।

## देर रात तक इवीएम रिसीविंग का सिलसिला जारी रहा

**कोडरमा।** मतदान खत्म होने के बाद पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ इवीएम व वीवीपैट मशीन को राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में बनाये गये वज्रगृह में जमा किया गया। वहीं उपायुक्त मेघा भारद्वाज की निगरानी में पोलिंग पार्टियों से इवीएम व वीवीपैट मशीन प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा ली गयी। इवीएम व वीवीपैट मशीन जमा करने का सिलसिला बुधवार देर रात तक जारी रहा।

## स्पीड न्यूज

### संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया पं नेहरू का जन्म दिवस



गुमला। संध्या रानी ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल पालकोट रोड गुमला में बाल दिवस कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के निर्देशक संजय कुमार गुप्ता, प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद लाल, उप प्राचार्य मैत्री अधिकारी व कोऑर्डिनेटर रीता कुमारी ने संयुक्त रूप से पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया। बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के लिए आकर्षक खेल एवं खाने-पीने के स्टॉल लगाये गये। जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। मौके पर प्रधानाचार्य ने पंडित नेहरू की जीवनी एवं उनके कार्यो को बच्चों को बतलाया एवं उनके आदर्शों पर चलने को प्रेरित किया। विद्यालय निदेशक ने बच्चों को बतलाया कि चाचा नेहरू को बच्चे अति प्रिय थे। जिस कारण उनके जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। विद्यालय उप प्राचार्य ने बच्चों को देश का धरोहर एवं भविष्य निमार्ता कहा। इस अवसर पर विद्यालय विभागाध्यक्ष गायत्री गुप्ता, शिक्षिका पूनम प्रसाद, अनु कुमारी, अमृता श्रीवास्तव, उषा रानी, शोभा तिर्की, विनीता गुप्ता, प्रिंसी गुप्ता, तरन्नुम, पायल साहू, मालती कुमारी, सीमा शर्मा, अनुप्रिया टोप्पो, कविता कुमारी, आफरीन इकबाल, निहारिका सिंह, कीर्ति साहू, विनीता भगत, लवली यादव, संजू दास, सीमा खाखा, मनीषा गुप्ता, सोनम चौहान, सुनीता सुरीन, जय किशोर, विपुल केसरी, कृष्णा नंदन, संदीप उरांव, सूर्यनाथ सिंह एवं विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित थे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन



गुमला। सीबीएसई के तत्वावधान में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसका विषय लर्निंग आउटकम्स एंड पेडागोजिज था। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने रिसोर्स पर्सन स्टार इंटरनेशनल स्कूल राँची की समृद्धि सिंह एवं लेडी केसी राय मेमोरियल कालेज के सिराजुद्दीन पंडित्थ को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्रनिमार्ता हैं, इसलिए उनके लिए टीचिंग लर्निंग प्रोसेस का संवर्धन जरूरी है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन एवं स्वागतगान से हुआ। रिसोर्स पर्सन ने लर्निंग सायकल, लर्निंग आब्जेक्टिव एवं आउटकम्स, उनकी आवश्यकता, ब्लूम्स टेक्सोनोमी, क्रिटिकल थींकिंग एंड प्राबल्म सोलविंग, लैब बेस्ड लर्निंग, प्राब्लम बेस्ड लर्निंग पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिभागियों के लिए कई एक्टिविटीज आयोजित किए गए एवं लेशनप्लान भी तैयार किया। सेमिनार में कुल 59 शिक्षक सम्मिलित हुए।

### मोन्टेसरी पैराडाइज एकेडमी घाघरा में मनाया गया बाल दिवस



घाघरा। मोन्टेसरी पैराडाइज एकेडमी घाघरा में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। बाल दिवस के मौके पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर रेस, बोरा रेस, मेंढक रेस, चम्मच रेस, रस्सा कसी, बैलून रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डायरेक्टर संजय भगत ने बच्चों को पंडित नेहरू के जीवन की जानकारी दी।

### चंचल सिग्नेस स्कूल अरमई में पंडित नेहरू का जन्म दिवस मनाया गया



गुमला। चंचल सिग्नेस स्कूल अरमई में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लायंस क्लब गुमला के पदाधिकारियों व स्कूल के निदेशक के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया तो बारी बारी से सभी स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी नृत्य प्रस्तुत किया। चंचल स्कूल के निदेशक सुबोध कुमार लाल ने उपस्थित अतिथियों एवं स्कूल के शिक्षक और बच्चो का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चे देश और गुमला के भविष्य हैं। लायन्स क्लब के सचिव अशोक कुमार जयसवाल ने कहा कि बाल दिवस के अवसर पर हम सभी बच्चों को शुभकामना एवं बधाई देते हैं। महेश प्रसाद गुप्ता ने बच्चो को देखकर अपना बचपन याद कर भाव विभोर होकर बच्चों को पढ़ाई के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस अवसर पर लायन्स क्लब के गुलाब चन्द्र प्रसाद ने स्कूल की तरक्की और उन्नति की कामना की। योगेन्द्र प्रसाद साहु ने स्कूल के शिक्षक और बच्चों के बीच अनुशासन और सफाई देख निदेशक सुबोध लाल की प्रसंसा की। लायंस क्लब सदस्यों ने बच्चों के बीच पेन्सिल और टाफी का वितरण किया। इस अवसर पर लायन्स क्लब के शशि किरण जयसवाल, रीता कुमारी गुप्ता, अनुराधा प्रसाद, रेणु साह, स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक, कर्मचारी बच्चे आदि उपस्थित थे।

### शांति पूर्ण चुनाव संपन्न होने पर प्रशासन को दी बधाई

गुमला। चुनाव संपन्न होने पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने मतदाताओं का आभार जताया है। साथ ही जिला व पुलिस प्रशासन को शांतिपूर्ण व सफल चुनाव के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मतदान के प्रति मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया। मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सभी ने सहभागिता निभाई है। राष्ट्र हित में सभी ने मतदान किया है। अब मतगणना के बाद ही क्षेत्र की तस्वीर साफ होगी।

# झारखंड के लाल स्व सधनु भगत को भाजपाइयों ने पार्टी कार्यालय में अश्रुपूर्ण नेत्रो से दी अंतिम विदाई

## पूर्व मंत्री के पार्थिव शरीर को पार्टी झंडे से ढक कर दिया सम्मान





खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, प्रखर वक्ता, झारखंड आंदोलन कारी, झारखंड के माटी के लाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व सधनु भगत के पार्थिव को गुरुवार की सुबह ब्लॉक मोड़ स्थित उनके आवास से शव वाहन से बक्सी डीपा स्थित भाजपा जिला कार्यालय लाया गया। जहां उनके पार्थिव शरीर को पार्टी झंडे में लपेटा गया इसके बाद जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के साथ सभी भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा फूल माला से पुष्पार्चन कर अश्रुपूरित नेत्रो से उन्हें अंतिम विदाई दी गयी। मौके पर दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति व परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की गई। जिला अध्यक्ष ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि हमारे पार्टी का एक अभिभावक, मार्गदर्शक हम सबों को छोड़ कर बहुत दूर चले गए। इसकी क्षती पूर्ति असम्भव है। विदित हो कि 78 वर्षीय भाजपा नेता सधनु भगत का निधन बुधवार को सुबह 9 बजे उनके लोहरदगा ब्लोकमोड स्थित आवास में हो गयी थी। पार्टी कार्यालय से शव वाहन से उनके पार्थिव शरीर को कार्यकर्ताओ ने बाइक एवं चारपहिया वाहन में सवार होकर जुलूस के शक्ल में अगुवाई करते हुए ओर सधनु भगत अमर रहे नारा लगाते हुए पैतृक मकान हेसल बसार डीह ले जाया गया। जहां उन्हें अपने सांस्कृतिक रीति रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष दिनेश उरांव, वनवासी कल्यान केंद्र के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, विशुनपुर प्रत्याशी समीर उरांव, पूर्व एमएलसी प्रवीण सिंह, खूंटी के चुनाव प्रभारी ओम सिंह, एस्टी मोर्चा प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव, एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद शत्रु, त्रिवेणी दास, अजय मित्तल चंद्रशेखर अग्रवाल, ब्रजबिहारी प्रसाद, राजमोहन राम राकेश प्रसाद, लालनवल नाथ साहदेव, राजकिशोर महतो मुरारी खत्री, विनोद राय, परमेश्वर साव महामंत्री अजय पंकज, हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू, जगनन्दन पौराणिक, सरिता देवी, पशुपति नाथ पारस, संजय प्रसाद, मीना बाखला, बाल कृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, विजय सोनी सुरेश लोहरा, ओम गुप्ता, लक्ष्मी नारायण भगत, कलावती देवी, अशोक साहू, बाल्मीकि, मिथुन, विवेक चौहान, राजकुमार मुंडा व कार्यकर्ता शामिल थे।

### अलग झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाई

19 जनवरी 1946 को लोहरदगा जिले के हेसल बसारडीह में किसान परिवार में जन्मे सधनु भगत स्नातक की शिक्षा प्राप्त कर बिरसा सेवा दल से जुड़कर सामाजिक जीवन की शुरूवात की। इसके बाद वे दिशुम गुरु शिबू सोरेन के संपर्क में आये और झामुमो में शामिल हो गए। दिसोम गुरु ने उन्हें पार्टी का सचिव बनाया। इसके बाद सधनु भगत शिबू सोरेन के साथ झारखंड आंदोलन में कूद पड़े। सधनु भगत 1994 में भाजपा में शामिल हुए। उस समय अलग वनांचल को लेकर पार्टी द्वारा भी जोरदार आंदोलन चलाया जा रहा था। संधनु भगत ने पार्टी में शामिल होने के बाद आंदोलन में जान फूंक दी।

**पहली बार लोहरदगा में कमल खिलाये सधनु भगत :** सधनु भगत के संगठन एवं अलग वनांचल आंदोलन में उनके कार्यो को देखते हुए 1995 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें लोहरदगा से अपना उम्मीदवार बनाया। चुनाव में कांग्रेस के कई बार विधायक रहे इंद्रनाथ भगत को लगभग 2800 वोट से हरा कर लोहरदगा विधान सभा मे पहली बार कमल खिलाये और एकीकृत बिहार के विधायक बने।

# बच्चे पढ़ाई में ध्यान दें और देश का सफल नागरिक बनें: डालसा सचिव

बाल दिवस पर विभिन्न स्थानों पर चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम, कानून की दी गयी जानकारी




खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के नेतृत्व में बाल दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न विद्यालयों, ग्रामीण क्षेत्रों में पीएलवी सदस्यों एवं एलएडीसी के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बच्चों को बाल दिवस का महत्व, बच्चों का अधिकार, कर्तव्य एवं बच्चों से संबंधित कानून के संबंध में बताया गया। इस अवसर पर संप्रेषण गृह गुमला में भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री रामकुमार लाल गुप्ता ने कहा कि आज देश में बाल दिवस मनाया जा रहा है। बाल दिवस प्रत्येक 14 नवंबर को मनाया जाता है। हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बहुत लगाव रखते थे तथा बच्चों को देश का धरोहर के रूप में मानते थे। सचिव ने बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान देने एवं अच्छे नागरिक बनने की बात कही। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष मिस रीमा कुमारी ने भी बच्चों को संबोधित किया तथा बच्चों का अधिकार एवं कर्तव्यों के विषय में बताया तथा बच्चों के बीच मिठाइयां बंटवाई। संप्रेषण गृह में एलएडीसी बुंदेश्वर गोप, पूर्व सदस्य अस्थाई लोक अदालत शंभू सिंह, संप्रेषण गृह के अधीक्षक अविनाश कुमार गिरी, डालसा के प्रकाश कुमार पांडे उपस्थित थे।

विद्यालयों में मुख्य रूप से अधिवक्ता इंदू पांडे, अरुण कुमार, जया सेन गुप्ता, पीएलबी नवीन कुमारी, नीलम लकड़ा, तेतरु उरांव, जरीना खातून, बिना कुमारी, विष्णु रौतिया, बुक्साई खेरवार, मंगलेश्वर उरांव, सुंदर मनी, सोमनाथ, लक्ष्मण, जशीनता, गौतम सिंह आदि के द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

# प्रकाश पर्व के अवसर पर सिख समाज ने शहर में निकाला भव्य शोभायात्रा





खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा जशपुर रोड गुमला से बैंड बाजा के साथ भव्य शोभा यात्रा सह नगर कीर्तन शहर में सिख समाज के द्वारा निकाला गया।

शोभा यात्रा की अगुवाई गुरु के चार साहिबजादे और पंज प्यारे कर रहे थे तथा सजी हुई गाड़ी में श्री गुरु ग्रंथ साहिब विराजमान थे। सभी सिख धर्मावलंबी गुरु नानक की जयजयकार के साथ भजन कीर्तन करते शोभायात्रा में चल रहे थे। शोभा यात्रा का चैंबर ऑफ कॉमर्स, सर्व धर्म सदभावना मंच सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा जगह- जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा जशपुर रोड से आरंभ होकर शहर के महावीर चौक, मेन रोड, टावर चौक सहित विभिन्न स्थानों में घूमी। 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा वाले दिन सिख धर्मावलंबियों द्वारा धूमधाम से जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी के 555 वें प्रकाश पर्व मनाया जाएगा। पालकोट रोड गुरुद्वारा के सचिव सरदार रंजीत सिंह द्वारा बताया गया कि बैंड बाजे तथा ढोलक, मंजीरे आदि के साथ पालकोट रोड अवस्थित गुरुद्वारे के लिए गुरु महाराज की शोभा यात्रा मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुए जा रही है। जिसमें सिख समाज के युवा, बच्चे तथा बुजुर्ग सभी महिला पुरुष मिलकर शब्द कीर्तन करते हुए शोभा यात्रा में चल रहे हैं।

## गुमला जिला में पिछले चुनाव में हुआ था 63.63% मतदान इस हुआ 65.46% वोट पड़े

### चैंबर ने मतदाताओं का जताया अभार

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** गुमला के अनेकों सामाजिक संस्थाओं के द्वारा चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान के तहत इस बार गुमला विधानसभा में मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर मतदान में भाग लिया और पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी हुई। पिछले विधानसभा चुनाव में 63.63% मतदान हुई था जो इसबार बढ़कर 65.46% हो गयी। इसके लिए गुमला चैंबर आप सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करती है। साथ ही गुमला के सभी व्यापारी बंधु, जिन्होंने चेंबर के आह्वान पर बंदी का समर्थन करते हुए, अपने-अपने प्रतिष्ठान को बंद रखकर, अपने प्रतिष्ठान पर कार्य करने वाले दैनिक मजदूर को अवकाश देकर, सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बंदी का समर्थन करने के लिए गुमला चेम्बर अपनी ओर से सभी व्यापारी बंधुओ का आभार व्यक्त करती है। साथ ही गुमला पुलिस को धन्यवाद देती है की सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ गुमला नगर में पुलिस की मुस्तैदी के कारण गुमला विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान कराया गया। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। साथ ही गुमला जिला प्रशासन को निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए आभार व्यक्त करती है।

## चैनपुर प्रखंड के सात स्थानों पर बनाया गया था नया मतदान केंद्र

गांव में ही वोट कर मतदाता दिखे उत्साहित



तबेला स्कूल में बने नये मतदान केंद्र में वोट देने पहुंचे मतदाता

खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** विधान सभा चुनाव में गुमला जिला में कई नये मतदान केंद्र बनाये गये थे। जिसमें चैनपुर प्रखंड में 7 नये मतदान केंद्रों बनाये गये। जहां पहली बार मतदान हुआ। गांव में ही मतदान केंद्र बनाये जाने से मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। क्षेत्र के मतदाता पहली बार अपने गांव के मतदान केंद्र में मतदान कर उत्साहित नजर आयें। खासकर युवा व वृद्ध मतदाताओं में काफी उत्साह था। राज्य व क्षेत्र के विकास की कल्पना को साकार करने के लिए मतदाता घर से निकलकर मतदान किये। पहले इन सात मतदान केंद्र के मतदाताओं को लंबी दूरी तय कर केंद्र जाना पड़ता था। गांव में ही मतदान केंद्र की स्थापना के बाद प्रशासन के प्रति क्षेत्र के मतदाताओं ने अभार जताया।

### पंडित नेहरू ने शिक्षित, समृद्ध और खुशहाल भारत की नींव रखी : प्रतिमा साहू



लोहरदगा। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्रता सेनानी और महान राजनेता होने के साथ-साथ उच्च कोटि के साहित्यकार भी थे। उन्होंने एक शिक्षित, समरस, समृद्ध और खुशहाल भारत का सपना ही नहीं देखा था, इसकी नींव भी रखी। इनके सपनों को पूरा करने के लिए शिक्षा में समर्पण और गुणवत्ता लानी होगी। उक्त बातें लोहरदगा बंजार किस्को स्थित पीएन स्मार्ट पब्लिक स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रिंसिपल प्रतिमा नीरज साहू ने कहीं। छात्र-छात्राओं को बताया कि आधुनिक भारत की नींव रखने वाले पंडित नेहरू 17 साल तक देश के प्रधानमंत्री रहे। देश को कई चुनौतियों और मुश्किलों से उबारा। अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुए नए भारत को संभालने, मजबूत करने और संवारने का काम किया। अन्य वक्ताओं ने कहा कि अपनी लेखनी के माध्यम से नेहरू ने देश के हर बच्चे को वो जानकारी देने की कोशिश की, जिसमें वो जन्म लेता है और बड़ा होता है। कार्यक्रम में मंगनू प्रसाद साहू, निशु तिर्की, सुषमा कुमारी, सुप्रिया विश्वकर्मा, सुष्मिता टोप्पो, बिनीता कुजूर, बीना साहू, आरती राजपूत व छात्र-छात्रा मौजूद थे।

### बच्चों में बाल्यावस्था में ही सही शिक्षा और पोषण जरूरी है : मनोरमा एक्का



लोहरदगा। बाल दिवस के सुअवसर पर लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड के सेमरडीह बिरहोर बस्ती, सेन्हा प्रखंड अंतर्गत बरही टंगरा टोली एवम कुंदगडी ग्राम में होप और जेडीएफ (जीव दया फाउंडेशन) के संयुक्त तत्वाधान में प्री स्कूल पोषण और शिक्षा कार्यक्रम हेतू शिक्षण सामग्री जिसमे स्लेट, चौक, नंबर, अल्फाबेट, वर्णमाला, नंबर कलर, अल्फाबेट कलर, वर्णमाला, वर्णमाला अभ्यास पुस्तिका पेंसिल सेट इत्यादि का वितरण किया गया। होप की मैनेजिंग ट्रस्टी मनोरमा एक्का, अरविंद वर्मा, उज्वल कुशवाहा ने उपस्थित 3 से 5 साल के बच्चों के साथ शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इस योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सही शिक्षा और सही पोषण देना है। मनोरमा एक्का ने मिल्क बिस्किट योजना के उद्देश्य को विस्तार पूर्वक बतलाया और कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल होप और जेडीएफ के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है, इसमें ग्राम वासियों का सहयोग अपेक्षित है। इस योजना के अंतर्गत गांव के सभी 7 माह से 5 वर्ष के जरूरतमंद बच्चों को रोजाना दूध और बिस्किट दिया जाएगा। तथा 3-5 वर्ष के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और उनके मानसिक एवं बौद्धिक विकास हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की शुरूवात की गई है। होप लगातार बच्चों, महिलाओं और वृद्ध लोगों की सेवा और उनकी समस्याओं पर कार्य करती रही है। बच्चों में मानसिक और बौद्धिक विकास हेतु बाल्यावस्था में हीं पोषण जरूरी है। जिससे बच्चों में कुपोषण जैसी समस्या न आये और वो बेहतर तरीके से शारिरिक और मानसिक विकास कर पाएं। होप से गीता बिरहोर, सोनम दुलारी उरांव, आरती रजक, ममता महतो, अरविंद वर्मा, उज्जवल कुशवाहा एवं गांव के 5 महिला पुरूष व बच्चे उपस्थित थे।

## नीरू शांति भगत ने सभी का जताया आभार



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा चुनाव सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर एनडीए गंठबंधन से आजसू प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने सभी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र की देवतुल्य जनता की मुझ पर स्नेह और प्यार की बारिश हुई, एनडीए के सभी घटक दलों के सभी पदाधिकारियों, कार्य कताओं, एवं समर्थकों का जो मुझे तन- मन - धन और बहुमूल्य समय का समर्थन मिला उसके लिए मैं सभी को नमन करती हूं और उनके प्रति आभार प्रकट करती हूं । साथ ही चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार निष्पक्ष चुनाव संपन्न करानेवाले जिला के प्रशासनिक पदाधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी एवं कर्मियों तथा सभी मतदानकर्मियों का भी मैं हार्दिक आभार प्रकट करती हूं। उन्होंने कहा कि सभी ने भलीभाँति अपनी कर्ताव्यनिष्ठा का परिचय दिया है। मैं जिले के सभी मीडियाकर्मी बन्धुओं का हृदय से आभारी हूँ क्योंकि उन्होंने इमानदारी के साथ अपनी अमिट लेखनी से सारगर्भित ढंग से मतदाताओं को जागरूक कर हम प्रत्याशियों की अपील और पार्टी की नीति-सिद्धांत को जन-जन तक पहुंचाने की महत्त्वपूर्ण कृपा की है। पुनः मैं सभी के प्रति अपनी ओर से आभार एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए जोहार, नमस्कार, आदाब और प्रणाम प्रेषित करती हूं।

## सधनू भगत को राजकीय सम्मान नहीं मिलना सरकार के आदिवासियों के प्रति सोच को दशार्ता है : प्रवीण



खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** कैबिनेट मंत्री रहे सधनु भगत के अंतिम संस्कार में राज्य सरकार और जिला प्रशासन की ओर से न राजकीय सम्मान और गार्ड ऑफ ऑनर नहीं दिए जाने का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। जबकि इसे लेकर बीजेपी ने जिला प्रशासन को पत्र देकर अवगत कराया था जिसके बाद भी नहीं मिला सम्मान। जिसे लेकर बीजेपी ने नाराजगी जताई है। पूरे मामले पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता प्रवीण सिंह ने इसे लेकर कड़ी निंदा किया है। साथ ही सरकार और प्रशासन पर आदिवासी नेता का मृत्यु के बाद बेइज्जत करने और शिबू सोरेन का साथ छोड़कर बीजेपी में आने पर बदले की राजनीति का आरोप लगाया है। भाजपा नेता प्रवीण सिंह ने कहा ये झारखंड सरकार आदिवासी विरोधी है और बदले के भावना के कारण उन्हें सम्मान नहीं मिला जो काफी दुखद है जिला प्रशासन को भी अवगत कराया गया था, लेकिन उन्होंने भी सरकार के इशारे पर कार्य किया जो बिल्कुल गलत है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## पालिटेकनिक कॉलेज में बने वज्र गृह में जमा किया ईवीएम

>> लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाकर सकुशल देर रात तक लौटे मतदान कर्मी





खबर मंत्र संवाददाता

**गुमला।** शांति पूर्ण मतदान संपन्न कराने के बाद बुधवार की देर रात व गुरूवार की पूर्वाहन 9 बजे तक जिले के 995 मतदान केंद्रों में गये मतदान कर्मी सकुशल वापस लौट गये। बस व छोटे वाहनों से गये मतदान कर्मी रात को लौटे। वहीं नक्सल प्रभावित व जिले के दुरूस्त क्षेत्रों के 57 बूथों में हेलीकाप्टर के माध्यम से गये मतदान कर्मी गुरूवार की सुबह लौटे। मतदान कार्य संपन्न कराकर लौटे मतदान कर्मियों के चेहरे में गजब की उत्साह देखी गयी। क्योंकि वे लोकतंत्र के महापर्व में अपने कर्तव्य का निर्वहन निष्ठा व ईमानदारी पूर्वक पूरी की। सबसे अधिक प्रसन्नता महिला मतदान कर्मियों के चेहरे से झलकता नजर आया। महिला मतदान कर्मी जिले के 120 बूथों पर तैनात किये गये थे। जहां बिना किसी विवाद के सरलता से मतदान कार्य संपन्न हुआ। देर शाम 5 बजे व दुरूस्त क्षेत्र में 4 बजे तक मतदान प्रक्रिया चली। जिसके बाद मतदान कर्मी ईवीएम व वीवीपैट मशीन लेकर वापस गुमला पॉलटेकनीक कॉलेज में बने वज्रगृह में ईवीएम व वीवीपैट मशीन जमा कराया। गुमला पॉलटेकनीक कॉलेज पहुंचने के बाद मतदान कर्मी पने साथ गये मतदान कर्मियों के साथ बैठकर पहले राहत की सांस ली। जिसके बाद चुनाव सामग्री का मिलान किया और बारी-बारी से ईवीएम व वीवीपै मशीन की रिसिविंग करायी। घंटों बैठकर बारीकी से चुनाव सामग्री का देर रात तक मतदान कर्मी मिलान करते नजर आये। हेलीकाप्टर से मतदान कराने डुंबा पाट के बूथ संख्या 3 में गये मतदान कर्मी जर्नादन लाल रजक ने बताया कि उनके मतदान केंद्र में शांति पूर्ण मतदान हुआ। मतदाता निर्भिक होकर मतदान करने पहुंचे। बूथ संख्या 3 में 798 मतदाता थे। जिनमें 452 ने अपने मत का उपयोग किया। बूथ पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम थे। वहीं हेलीकॉपर से मतदान कराने में उनके चेहरे में गजब का उत्साह था। उन्होंने कहा कि वे पहली बार हेलीकॉप्टर से मतदान कराकर लौटे हैं। वहीं विशुनपुर विधान सभा के हाडुप स्थित बूथ संख्या 175 में मतदान कराने गये अजीत कुमार ने बताया कि उनके मतदान केंद्र में शांति पूर्ण मतदान हुआ। मतदान केंद्र में ग्रामीणों व सुरक्षा बलों ने मतदान कार्य संपन्न कराने में अहम भूमिका निभायी। इधर मतदान कार्य शांतिपूर्ण संपन्न होने पर जिले के अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली।

## शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए आम मतदाताओं सहित सभी का आभार : धीरज साहू





खबर मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा चुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। पूर्व रास सांसद धीरज प्रसाद साहू ने चुनाव के लिए मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक सम्पन्न होने पर मतदाताओं को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति अपना आभार व्यक्त किया है। आभार संदेश में शांतिपूर्वक चुनाव सम्पन्न होने पर समाज के हर वर्ग, पार्टी के कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ताओ, गठबंधन के साथियों एवं सभी इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, एवं वेव मीडिया प्रतिनिधियों सहित मतदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी इसी प्रकार से सभी का सहयोग मिलता रहेगा। गठबंधन के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं हृदय से आप सभी के प्रति कृतज्ञ हूं कि विधानसभा के इस चुनाव में आप ने पिछले बार की तरह मुझमें अपना विश्वास एक बार फिर व्यक्त किया। लोहरदगा की जनता ने रिकार्डतोड़ 73.2% मतदान कर जो भरोषा दिखाया है तथा जनता ने जो विश्वास दिखाया है उसपर मैं खरा उतरूंगा। कांग्रेस के कार्यकर्ता के अलावा गठबंधन के झामुमो व माले के साथियों ने भी जिस तरह मेरी जीत के लिए परिश्रम किया, उसके लिए मैं सच्चे मन से सबकी आभारी हूं। मेरा जीवन आप सबके सामने एक खुली किताब की तरह रहा है। मैंने अपने इस वृहद परिवार का हर तरह से ख्याल रखने का हमेशा प्रयास किया हे। मैं जानता हूं कि आने वाले दिन और मुश्किल भरे तथा चुनौती पूर्ण रहने वाला हैं। लेकिन मुझे पूरा यकीन है कि आपके समर्थन और विश्वास की शक्ति के सहारे कांग्रेस हर चुनौती को पार करेगी। आपसे मिले प्रेम, स्नेह और समर्थन के लिए मैं आपको दिल से धन्यवाद करता हूं।

# मनिका विधानसभा के नौ उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में हुआ कैद

# किसके सर पर सजेगा ताज, चर्चाओं का बाजार हुआ गर्म

## 23 नवंबर को आने वाले परिणाम पर टिकी है सबकी निगाहें

दीपक राज

**बरवाडीह।** झारखंड विधानसभा निर्वाचन का पहला चरण बुधवार को समाप्त हो गया है। झारखंड की हाई प्रोफाइल सीट मनिका विधानसभा क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया है। बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत कुल 85 मतदान केंद्रों में लगभग 49316 (65.57%) लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके अलावा पोस्टल वैलेट से हुए मतदान से आंशिक परिवर्तन हो सकता है। बता दें कि इस बार मनिका विधानसभा सीट के लिए कुल 9 उम्मीदवार मैदान में थे। विधानसभा चुनाव की समाप्ति के बाद उम्मीदों के बाजार में चचाओं का बाजार भी गर्म हो गया है। भाजपा कांग्रेस समेत विभिन्न पार्टियों के समर्थक जातीय समीकरण और आंकड़ों के आधार पर अपने-अपने प्रत्याशी की जीत का दावा कर रहे है। वहीं कई लोगों को वास्तविक परिणाम के लिए मतगणना का इंतजार है। किस विधायक के सर पर ताज सजेगा, इसके लिए गांव से लेकर शहर की चौक-चौराहों, चाय व पान की दुकानों पर बैठे लोग अपने -अपने प्रत्याशी की बंपर वोट से जीतने का दावा कर रहे हैं। कोई भी दल अपनी हार मानने को तैयार नहीं है। हालांकि पिछली बार की तरह कांग्रेस और भाजपा के बीच ही मुख्य रूप से मुकाबला देखने को मिल रहा है।


कुटमू शिव मंदिर के पास रामचंद्र सिंह व उनके समर्थक।


कुटमू चौक पर हरिकृष्ण सिंह के साथ समर्थक।

### निर्दलीय और बागी उम्मीदवारों ने बिगाड़ा चुनावी गणित

भाजपा समर्थकों की माने तो बरवाडीह में हरिकृष्ण सिंह भले ही चार पांच हजार वोटो से पीछे हो सकते है, लेकिन गारू, मनिका, सरयू और महुआडांड़ में उनका वोट प्रतिशत कांग्रेस से काफी बेहतर है, और मतदाता उनके कुशल व मिलनसार व्यवहार तथा पूर्व में कराए गए विकास कार्यों को देखते हुए हरिकृष्ण सिंह के पक्ष में मतदान किया है। बहरहाल इस बार निर्दलीय प्रत्याशी और बागी उम्मीदवारों ने चुनावी गणित को पूरी तरह बिगाडकर रख दिया है। इसके अलावा मतदाताओं की चुप्पी के कारण किसी को भी समझ नहीं आ रहा है कि स्पष्ट रूप से कौन सी पार्टी जीतेगी। स्पष्ट आंकड़ा नहीं मिलने के कारण प्रत्याशियों की बैचेनी बढ़ती जा रही है। बहरहाल सबकी नजरें 23 नवंबर के परिणाम पर टिकी है। फिलहाल 9 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है।

#### कांग्रेस समर्थक प्रचंड मतों से जीतने का कर रहे हैं दावा

कांग्रेस समर्थकों का मानना है कि इस बार भी कांग्रेस जीतेगी। क्योंकि कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह ने पिछले पांच वर्षों में अच्छा काम करके दिखाया है। इस वजह से कांग्रेसी प्रचंड बहुमत से जीतने का दावा कर रहें है। दावा है कि बरवाडीह प्रखण्ड में प्राप्त कुल मतों में पचास प्रतिशत से अधिक मत अकेले रामचंद्र सिंह के पक्ष में मतदाताओं ने दिए है। वहीं समर्थकों का यह ही कहना है कि विधानसभा क्षेत्र के अन्य प्रखंडों में भी रामचंद्र सिंह की लोकप्रियता काफी बढ़ी है। जिसके कारण स्थिति पूर्व की अपेक्षा काफी बेहतर है।

#### बागियों ने परिणामों को किया है प्रभावित

इस बार निर्दलीय उम्मीदवारो और बागियों ने परिणामों को प्रभावित करने की कोशिश की है। हालांकि कोई जातीय समीकरण को आधार मानकर अपनी जीत का दावा कर रहा है तो कोई जातीय वोटों में हुए बिखराव के आधार पर निर्दलीय व अन्य प्रत्याशियों के वोट काटने को भी हार जीत का आधार मान रहा है। जिससे आंकलन लगाया जा रहा है कि इस बार कौन सी पार्टी को सबसे अधिक वोट परसेंट मिला होगा।

## मतदान खत्म होते ही गुणा भाग मे लग गए पार्टी के कार्यकर्त्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मे क्षेत्र मे कुल 50 बूथ है। विधानसभा चुनाव को लेकर 13 नवंबर बुधवार को चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव सम्पन्न होते ही सभी राजनीती पार्टी और कार्यकर्त्ता बूथवाईज गुणा भाग कर अपना-अपना आंकड़ा निकाल रहे हैं। राजनीती पार्टी द्वारा जाति समुदाय के आधार पर मतदान प्रतिशत पर भी काफी चिंतन मंथन मे जुट गए है। सभी चौक चौराहे में चाय की चूसकी के साथ गांव टोले से आ रहे ग्रामीणों से वोटिंग की स्थिति को भाँपने मे लगे हुए हैं। हालांकि वोटर काफी चलाक है आंकड़ा निकलना काफी मुश्किल हो रहा है। बारियातू प्रखंड क्षेत्र मे भाजपा और गठबंधन पार्टी की वोट काफी मात्रा मे मिलने की बात सामने आ रही है। अन्य पार्टी का भी छिटपुट वोट मिले हैं। मौन वोटर अभी तक खुलकर बताने से असमर्थता जता रहे हैं। बारियातू मुख्यालय, साल्वे, टोटी, बनवार, अमरवाडीह बनवार, मनातू, इटके, बेसरा, मकरा, भाटचतरा, विश्रामपूर, सिबला, राजगुरु, गोनिया, नावाडीह, गड़गोमा, बठेठ, डाढ़ा, गोखलाबागी, फूलसु, बालूभांग, चुम्बा सहित सभी बूथों मे मतदाताओं ने बढ़चढ़ कर मतदान किया है। वोट खत्म होते ही लोग किस बूथ मे किस पार्टी की कितना मत दिया गया होगा कौन लिड कर रहा है। यह गणित चल रहा है। सभी प्रत्याशी की किस्मत अभी मतपेटी मे बंद है। लातेहार विधानसभा सभा का ताज किसके सर पर बंधेगा यह मत पेटी खुलने के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा। मतदाता जिस पार्टी के कार्यकर्त्ता से मिल रहे हैं उन्हें संतवना दे रहे है। की आप ही का वोट दिए है। लेकिन सत्यता परखना मुश्किल हो गया है। इसलिए बारियातू प्रखंड का आंकड़ा निकालना मिडिया को भी चकाचौंध कर रहा है। पूछने पर मिडिया को ही कह रहे है किसको वोट देना चाहिए। आप जहाँ दिए वहीं हमलोग भी दिए। मतदाता खुल कर नहीं बोल रहे हैं। कयास लगाया जा रहा है की अधिकतम दो पार्टी यानि भाजपा और गठबंधन को ही वोट किया है। हालांकि दो चार दिन बाद यह साफ दिखने लगेगा की बढ़त किसके हाथ मे है। राजनीति पार्टी जीतने का अपना अपना दावा कर रहे है।


चर्चा करते लोग।

## इंडी गठबंधन ने लातेहार विधानसभा क्षेत्र से गठबंधन प्रत्याशी की जीत का किया दावा

खबर मन्त्र संवाददाता


सितमोहन मुंडा।


असगर खान।

**लातेहार।** झामुमो, कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन दल के नेताओ ने गठबंधन के प्रत्याशी वैद्यनाथ राम की जीत का दावा किया है। झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा व कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष असगर खान ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की जनता अपना मत गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष दे दिया है, हमारे प्रत्याशी भारी मतों से विजय हो रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो के स्टार प्रचारक एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की जन कल्याणकारी योजनाओं से काफी प्रभावित हैं, मइयां सम्मान योजना से महिलाओं को लाभ मिला है वहीं बिजली बिल की माफी से किसानों और गरीबों को राहत मिली है, अबुआ आवास योजना से गरीबों को छत मिल रहा है ऐसे कई योजनाएं सरकार की चल रही है जिससे लोगों को काफी मदद हो रहा है, इसी लिए क्षेत्र की जनता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन पर भरोसा कर मतदाता प्रचंड बहुमत देकर गठबंधन प्रत्याशी को जीता रही है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित ब्रज गृह एवं मतगणना केंद्र का डीसी ने किया निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** विधासभा चुनाव की तैयारियों के निमित्त पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थित ब्रज गृह एवं मतगणना केंद्र का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने निरीक्षण कर मतगणना को लेकर की जा रही तैयारियों व अन्य व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, विधि-व्यवस्था एवं अन्य जरुरी व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण कोषांग को मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों, कर्मियों को प्रशिक्षण देने से संबंधित दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा कॉलेज में स्थित कमरों, पार्किंग व्यवस्था, उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए पेयजल, शौचालय तथा विद्युत सहित अन्य सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।


जायजा लेते डीसी।

## मनिका प्रखंड के कांग्रेसी नेता ने शांतिपूर्ण चुनाव करवाने हेतु जिला प्रशासन को किया धन्यवाद व्यक्त

- मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करना प्रशासन का सकारात्मक पहल: सुरेंद्र पासवान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय निवासी एवं समाजसेवी सह वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र पासवान ने मनिका विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव संपन्न करवाने को लेकर जिला प्रशासन को धन्यवाद व्यक्त किया। मौके पर श्री पासवान ने कहा कि जिला प्रशासन के प्रयास से मनिका विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने शांतिपूर्ण व उत्साह पूर्वक अपने मताधिकार का उपयोग किया। वहीं प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती,सीसीटीवी से निगरानी एवं मतदाताओं का सुविधा का ध्यान रख कर भय मुक्त वातावरण स्थापित की गई थी। जिसके लिए जिला प्रशासन धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था कि लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करने से वंचित रह जाते थे लेकिन आज प्रशासन के द्वारा लोगों को मताधिकार के प्रति जागरुक करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाना एक सकारात्मक पहल है और इससे आज के समय में मतदान के प्रतिशत में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के तमाम मतदाताओं को अपने राज्य का विकास और बेहतर सरकार बनाने के उद्देश्य से मतदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।


कांग्रेसी नेता सुरेंद्र पासवान।

# भाजपाइयों ने किया दावा, भाजपा के साथ है जनता

- लातेहार जिला की दोनों सीट जीत रही है भाजपा, राज्य में बनेगी एनडीए की सरकार: राजेन्द्र यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए प्रथम चरण में 43 विधानसभा सीट के लिए मतदान का कार्य पूरा हो गया। भारत निर्वाचन आयोग के प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार लातेहार विधान सभा क्षेत्र में करीब 69.7 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिले में दो विधानसभा में चुनाव हुए हैं। दोनों विधानसभा चुनाव में जीत का दावा करते हुए भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने जिला समेत राज्य की जनता को आभार व्यक्त करते हुए बड़ी जीत का दावा किया है। श्री यादव ने कहा कि बदलाव के लिए जनता ने वोट किया है। इस बार झारखंड की जनता डबल इंजन सरकार बनाने के मूड में है।आगे कहा कि लातेहार और मनिका विधानसभा में बड़ी जीत दर्ज करने की बात कही है। वही महेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि जनता ने पहले से ही भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना बैठी थी। जिले की दोनों सीटों पर बीजेपी बड़े अंतर से जीत दर्ज कर रही है। वही रविराज ने कहा कि पहले चरण में ही तय हो गया है कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। भाजपा पलामू के सभी 9 सीटों पर जीत दर्ज करने जा रही है। पलामू प्रमंडल से इंडिया गठबंधन का सूफड़ा साफ होने वाला है।


जानकारी देते राजेंद्र यादव।

## चंदवा में 56 हजार 30 मतदाताओं ने विधानसभा चुनाव में किया मताधिकार का प्रयोग

# चंदवा में इस बार वोटरों ने मारी बाजी, 68.10 फीसदी वोटिंग

- उमवि मनातू में दर्ज किया गया सर्वाधिक 83.40 फीसदी मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** झारखंड में विधानसभा चुनाव 2024 के पहले चरण में बुधवार को लातेहार विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इस बार चंदवा प्रखण्ड में कुल 82280 मतदाताओं में से 56 हजार 30 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। चंदवा प्रखंड का मतदान प्रतिशत 68.10 राह जो विगत विधानसभा चुनाव से लगभग 4 प्रतिशत अधिक है। इस बार भी शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता भारी पड़े। खासकर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने मतदान के प्रति खासा उत्साह दिखाया। प्रखंड में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वाले बूथों की बात की जाए तो बूथ संख्या 351 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनातू अव्वल रहा। जहां सर्वाधिक 83.40 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस बूथ में कुल मतदाताओं की संख्या 536 थी जिसमे 447 वोटरों ने वोट डाला। वहीं दूसरे स्थान पर बूथ संख्या 294 उमवि अम्बाटांड चकला रहा है जहां 81.49 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। यहां कुल वोटरों की संख्या 832 थी जिसमे 678 मत पड़े। तीसरे स्थान पर बूथ संख्या 314 राप्रावि पतराटोली साउथ पार्ट रही, यहां 80.45 फीसदी वोटिंग दर्ज हुई यहां कुल मतदाताओं की संख्या 711थी जिसमे 572 वोट पड़े। वहीं सबसे कम वोटिंग वाले मतदान केदो की बात की जाए तो चंदवा शहरी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बूथ संख्या 300 प्लस 2 हाई स्कूल चंदवा रहा। जहां महज 48.95 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई, यहां कुल मतदाताओं की संख्या 479 थी, जिसमे महज 223 मतदातओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। वही कम वोटिंग के मामले में दूसरे स्थान पर बूथ संख्या 301 राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अलौदिया में दर्ज की गई जहां महज 49.83 फीसदी वोटिंग हुई। यहां कुल मतदाताओं की संख्या 592 थी जिसमे 295 वोट पड़े। दोनो मतदान केंद्रों पर कम मतदान होने के पीछे का कारण बूथ का चयन अव्यवहारिक तरीके से किया जाना बताया जा रहा है। उक्त मतदान केंद्र में आने वाले ज्यादातर वोटर रेलवे लाइन के उत्तरी दिशा अलौदिया के हैं, रेलवे लाइन के दक्षिणी छोर सरोज नगर से हैं। जिन्हें टोरी में 10 रेलवे लाइन पार कर मतदान केंद्र आने व काफी दूरी होने के कारण यहां वोटर पहुंच नही पाए। विगत चुनाव में भी यहां काफी कम वोटिंग दर्ज की गई थी, बावजूद इससे प्रशासन ने गंभीरता से नहीं लिया व समाधान नही निकला।


मतदान करते मतदाता।

## एक नजर में

### पत्रकार को पितृ शोक, अंतिम संस्कार मे उमड़ी भीड़

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के एक हिन्दी दैनिक संवाददाता दयानंद प्रसाद सोनी के पिता शिव मुनि प्रसाद (85) वर्ष का बुधवार मतदान करने के पश्चात हृदय गती रुकने से निधन हो गया। जानकारी देते हुए दयानंद प्रसाद सोनी ने बताया कि मेरे पिता जी अपना वोट देकर तीन बजे हंसी खुशी से मतदाता सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी खिंचवाए कर घर आए और एकाएक उनकी तबीयत बिगड गई जिसे आनन-फानन में बालूमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे कि रास्ते मे ही उन्होने दम तोड़ दिया। मौत के बाद गुरुवार को उनका दाह संस्कार कंडरका नदी स्थित स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। उनके दाह संस्कार पर क्षेत्र के कई वरिष्ठ गणमान्य सहित बालूमाथ बारियातू के पत्रकार मो.जावेद अख्तर, सुरेंद्र गुप्ता, मो.समीम, रमेश पांडेय, संजय राम, अमन श्रीवास्तव, दिलिप कुमार, रामप्रीत लोहरा, अरशद आदमी, मो. कुतुबुद्दीन, रुपेश कुमार राजीव कुमार, सतेन्द्र प्रसाद सहित कई समाज सेवी, राजनितिक दल के पदाधिकारी, बुद्धिजीवी व भारी संख्या मे लोग शामिल हुए। पहुंचे हुए लोग दिवंगत आत्मा के शांति की कामना किए तथा शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया।

### अखंड कीर्तन का किया गया समापन

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत कोपे पंचायत के ग्राम भटको स्थित शिव मंदिर के 14 वें वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित अखंड हरि कीर्तन कार्यक्रम का दिन गुरुवार को समापन किया गया। वहीं प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव मंदिर के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम को लेकर विधि-विधान व श्रद्धा पूर्वक दो दिवसीय पूजन व अखंड-कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में गांव के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जय सिया राम, जय सिया राम के जय घोष से पूरा क्षेत्र गुंजयमान होता रहा। वहीं हवन व आरती कर कार्यक्रम के समापन के उपरांत भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें गांव के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बता दें कि मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर मंदिर को फूलों से सजाया गया था साथ ही दो दिवसीय पूजन के कार्यक्रम के दौरान मंत्र उच्चारण से पूरा क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ था। मौके पर शिव मंदिर कमेटी के सदस्य व कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल से गड्ढे में गिरकर युवक घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के पालही ग्राम में मोटरसाइकिल से गड्ढे में गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार हीरालाल उरांव 25वर्ष पिता रघु उरांव ग्राम पालही थाना बालूमाथ निवासी मोटरसाइकिल से अपने घर के पास घूम रहा था। इसी दौरान मोटरसाइकिल से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे शौचालय के लिए खोदे गए गड्ढे में जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वही बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### अर्ध जला शव बरामद, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के मननचोटाग गांव में नवोदय विद्यालय के समीप लखन साव के घर से पुलिस ने एक अर्ध जला शव बराबर किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि लखन साव के घर से धुआं निकल रहा है। सूचना के बाद पुलिस लखन साव के घर पहुंच कर बंद दरवाजे को तोड़ कर अंदर प्रवेश की, और एक अर्ध जला शव बरामद किया। आस-पास के लोगों ने बताया कि लखन साव घर पर नहीं थे वहां एक महिला शालीमा तिग्गा किराए पर रहती थी। कयास लगाया जा रहा है कि शालिमा तिग्गा की हत्या कर हत्यारों ने कपड़े में लपेटकर आग लगा दिया। पुलिस शव को शिनाख्त के लिए सदर अस्पताल में सुरक्षित रख दी है। पुलिस मामले की छान बिना कर रही है।

### पोचरा में निर्माण होगा डीएवी पब्लिक स्कूल का भवन, उच्च अधिकारियों ने दौरा कर दी जानकारी


अधिकारी का स्वागत करते प्राचार्य।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल का दिल्ली से आये अधिकारियों ने दौरा किया। जिसमें डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली से आए डीएवी स्कूल के सेक्रेटरी अजय गोस्वामी और औनररी ट्रेजरर नानक चंद गर्ग एवं डाल्टेनगंज से आए डीएवी पब्लिक स्कूल, झारखंड जोन -आई के सहायक क्षेत्रीय पदाधिकारी डॉ. जी. एन. खान ने संयुक्त रूप से डीएवी पब्लिक स्कूल लातेहार का दौरा किया और विद्यालय के भवन निर्माण कार्य हेतु विद्यालय की प्रस्तावित जमीन कार्य हेतु अनुमति प्रदान की और इसके साथ ही विद्यालय भवन निर्माण हेतु मार्ग प्रशस्त हो गया। अधिकारियों के द्वारा लातेहार में डीएवी स्कूल के भवन निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि जो कि स्थानीय पोचरा स्थित लाल शंभु नाथ शाहदेव एवं अन्य की अधिकृत भूमि है के क्रय हेतु अनुमोदन किया गया। जहां यथाशीघ्र डीएवी विद्यालय अपने भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ करेगा। इस मौके पर डीएवी स्कूल लातेहार के प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय, डीएवी लोहरदगा के प्राचार्य सह डीएवी लातेहार के प्रबंधक गंगा प्रसाद झा और डीएवी स्कूल गढ़वा के प्राचार्य आर के सिन्हा, डीएवी लातेहार के वरीय शिक्षक प्रभात रंजन, अरुण कुमार पांडेय, अजीत कुमार भी उपस्थित थे।

### लातेहार में जीत दर्ज करेगी इंडिया गठबंधन: दीपू सिन्हा

**चंदवा।** झारखंड विधानसभा चुनाव में पहले चरण का चुनाव संपन्न होने के बाद से ही राजनीतिक दलों के समर्थक अपने-अपने दल प्रत्याशी के जीत का दावा कर रहे हैं। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला प्रवक्ता दीपू सिन्हा ने लातेहार जिले के दोनों सीटों पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के विजय होने का दावा किया है। प्रेस बयान जारी कर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों के कारण लातेहार जिले में इंडिया महागठबंधन ने एक बार फिर से 2-0 की बढ़त बना ली है। कहा कि सम्पन्न हुए मतदान में मतदाताओं के रुझान के अनुसार लातेहार जिले की दोनों विधानसभा क्रमश: मनिका एवं लातेहार में महागठबंधन के प्रत्याशी रामचंद्र सिंह एवं वैद्यनाथ राम भारी बढ़त बनाते हुए जीत दर्ज करते हुए नजर आ रहे हैं। पहले चरण में 43 सीटों पर हुए मतदान के बाद मतदाताओं के रुझान को देखते हुए यह पता चलता है कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया महागठबंधन की सरकार एक बार फिर से भारी बहुमत से झारखंड में बनने जा रही है।

## कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला में संवेदक द्वारा मनमानी राशि वसूलने से किसानों में रोष

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ में प्रत्येक वर्ष लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा पशु मेला के संवेदक वासुदेव साव द्वारा मनमानी राशि वसूले जाने के कारण पशु व्यापारी एवं किसानों में काफी रोष व्याप्त है। पशु व्यवसाय विनोद यादव पाकी, बालेश्वर गंझु सिमरसोत मुरारी गंझु हेमपुर, मुकेश राम, कुलेश्वर राम बालूमाथ, समेत कई किसान एवं पशु व्यवसाय ने बताया कि इस वर्ष कार्तिक पशु मेला के संवेदक वासुदेव द्वारा एक जानवर के खरीद बिक्री पर 700 रुपये शुल्क वसूल रहा है। व्यवसाईयों ने बताया कि एक माह पूर्व चतरा में भी पशु मेला लगाया गया था। वहां एक जानवर के खरीद बिक्री पर मात्र 300 ही शुल्क वसूली जाती थी। जबकि बालूमाथ में भी पिछले वर्ष के अपेक्षा कई गुना ज्यादा राशि वसूला जा रहा है। सूत्रों के अनुसार मनमानी वसूली गई राशि का बंधा बंधाया कमिशन जिले के कई पदाधिकारी तक पहुंच रहा है। इसी कारण संवेदक को मनमानी राशि वसूलने की खुली छूट दे रखी गई है। ज्ञात होगी बालूमाथ में छठ पर्व के बाद पशु मेला लगाया जाता रहा है। जिसमें पाकी, लोहरदगा, गुमला, गढ़वा, चतरा एवं बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के कई किसान पहुंचते हैं एवं किसानों को खेती करने योग्य पशु एवं दुधारू गाय भैंस आवश्यकता अनुसार क्रय करते है लेकिन अधिक राशि वसूली होने के कारण खरीद बिक्री करने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले 5 दिनों से के अंतर्गत लगभग 1000 से ज्यादा पशु की खरीद बिक्री की गई है जिसमें दूसरे मेले से अधिक लि गई राशि को देखा जाए तो अभी तक लगभग चार लाख पचास हजार रुपए की अधिक राशि वसूली की जा चुकी है जबकि इस पशु मेला में लगभग 5000 से ज्यादा पशु का खरीद बिक्री प्रत्येक वर्ष होता है अगर पदाधिकारी द्वारा इस पर समय से पहले लगाम नहीं लगाया जाता है तो संवेदक द्वारा 30 से 35 लख रुपए की अधिक राशि धड़ले से उगाही कर लेगा। इस संबंध में लातेहार उप विकास सुरजीत कुमार सिंह से पूछे जाने पर कहा कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।


700 रूपया का रसीद।

